सुप्रभात
रांची, मंगलवार
23.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net    चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 279

12 योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : मोदी

## न्यूज डायरी

### जेपीएससी पीटी का रिजल्ट जारी

**रांची।** जेपीएससी की ओर से झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के पीटी का रिजल्ट सोमवार देर शाम जारी कर दिया गया। जेपीएससी की ओर से 17 मार्च को पीटी की परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों ने अनियमितता का भी आरोप लगाया था। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि अभ्यर्थी पीटी का रिजल्ट जेपीएससी की वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य परीक्षा की संभावित तिथि 22 से 24 जून प्रस्तावित है।

### योगेंद्र की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुआ है।

### 30 देशों के भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये।

### गिरिडीह में 34 गोवंश बरामद, चार गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बगोदर थाना पुलिस ने सोमवार को गोवंश लोड गाड़ियों को जब्त किया, जिसमें कई बछड़ों समेत 34 गोवंश लदे थे। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने बताया कि वाहनों में लोड गोवंश को बिहार से पश्चिम बंगाल पहुंचाया जा रहा था। गोवंश को मुक्त कराकर मधुबन गोशाला भेजा दिया गया है।

### हेमंत की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी थी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |




## गोड्डा लोकसभा चुनाव बना हॉट केक, कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों की जुबानी जंग तेज

# जीता तो जनसेवा, हारा तो राजनीति से संन्यास : प्रदीप यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में गोड्डा लोकसभा चुनाव हॉट केक बनता जा रहा है। यहां पर दो पुराने प्रतिद्वंदियों के बीच मुकाबला है। प्रत्याशियों के बीच जुबानी जंग तेज हो गया है। एक तरफ भाजपा के लगातार तीनबार के सांसद निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है। गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा।

**फालतू बातों पर ध्यान न दें :** वहीं पार्टी प्रत्याशी बदने जाने पर प्रदीप यादव ने कहा कि यह फैसला पार्टी नेतृत्व का है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दें। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। (शेष पेज 11 पर)

### नहीं करूंगा प्रचार, सिर्फ रिजल्ट लेने जाउंगा : निशिकांत

#### बलात्कार के आरोपी के खिलाफ कोई प्रचार नहीं



वहीं गोड्डा सीट से कांग्रेस द्वारा प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद निशिकांत दुबे ने प्रचार नहीं करने का एलान किया है। उन्होंने पहले ही कहा था कि अगर प्रदीप यादव उनके सामने चुनाव प्रचार के लिए आते हैं तो वे प्रचार नहीं करेंगे। वे सीधा रिजल्ट लेने जायेंगे। गोड्डा से प्रदीप यादव के नाम की घोषणा के साथ ही निशिकांत दुबे ने ऐलान कर दिया है कि वह अब चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। अब वे सिर्फ चाय, नाश्ता करेंगे और क्रिकेट खेलेंगे। वे रिजल्ट वाले दिन सीधे अपना रिजल्ट लेने जायेंगे। उन्होंने आगे कहा था कि अगर कांग्रेस प्रदीप यादव के अलावा किसी और को अपना उम्मीदवार बनाती है तब वह प्रचार करते।

## एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा पर्चा, कहा-

# जोबा लड़ें या चंपई, मोदी की गारंटी पड़ेगी भारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चाईबासा से सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। वहीं खूंटी से भारत आदिवासी पार्टी की बेलोसा बबीता कच्छप ने नॉमिनेशन किया है। चाईबासा समाहरणालय में पर्चा दाखिल करने के बाद गीता कोड़ा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी चुनाव लड़े या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इन सब पर मोदी सरकार की 10 साल की गारंटी भारी पड़ेगी। गीता कोड़ा के नामांकन के समय राज्य के दो पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और मधु कोड़ा संगठन महासचिव कर्मवीर सिंह, समेत अन्य मौजूद थे। चाईबासा संसदीय सीट के लिए 13 मई को वोट पड़ेगा। यहां गीता कोड़ा का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन की ओर से ओर से झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी से है। वह 23 मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन करने के पूर्व गीता कोड़ा अपने पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा के साथ चाईबासा के गांधी मैदान पहुंचे। गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद गीता कोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा शुरू की। खुंटाकाटी मैदान पहुंचकर उन्होंने सभा में लोगों को संबोधित भी किया।



### संविधान के खिलाफ बात नहीं की : कच्छप

वहीं पत्थलगड़ी आंदोलन से चर्चा में आयी बेलोसा बबीता कच्छप ने भी खूंटी लोकसभा सीट से अपना परचा दाखिल कर दिया है। समर्थकों संग निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। वह, पतरा मैदान से रोड शो करते हुए समाहरणालय पहुंचीं। बेलोसा बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के टिकट पर लोकसभा का चुनाव खूंटी से लड़ रहीं हैं। खूंटी में ही पत्थलगड़ी आंदोलन हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में कई गांवों के लोगों ने अपने सारे सरकारी दस्तावेज जला दिये थे। सरकार के खिलाफ बगावत का ऐलान कर दिया था। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी संविधान के खिलाफ बात नहीं की। संविधान के दायरे में आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाने की बात की।

# आज अर्जुन मुंडा, जोबा समेत कई करेंगे नामांकन

## खूंटी में रहेंगे राजनाथ सिंह, सिंहभूम में सीएम, कल्पना और बसंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण और झारखंड में पहले चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मंगलवार को खूंटी लोकसभा सीट से एनडीए की ओर से भाजपा के अर्जुन मुंडा, इंडिया ब्लाक की ओर से कांग्रेस के नीलकंठ सिंह मुंडा, सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो जोबा माझी और पलामू से राजद की ममता भुईंया नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

### कल्पना की मौजूदगी में जोबा भरेंगी पर्चा

सिंहभूम सीट से जोबा माझी के नामांकन में सीएम चमाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में आयोजित जनसभा को स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित अपने आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होगी। सोमवार को जोबा माझी को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने सिंबल प्रदान किया। नामांकन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो-कांग्रेस और राजद की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ आज आयेंगे :** 23 अप्रैल को खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा नामांकन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे। श्री मुंडा के प्रतिद्वद्वी कालीचरण मुंडी भी मंगलवार को अपने समर्थकों संग नामांकन करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### कल समीर, बीडी राम व सुखदेव भरेंगे पर्चा

बुधवार 24 को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, इंडिया की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए नॉमिनेशन करेंगे। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। समीर उरांव के नामांकन के समय गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। 24 को पलामू और लोहरदगा से क्रमशः वीडी राम और समीर उरांव नामांकन करेंगे। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जबकि समीर उरांव के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे। श्री पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जाएंगे।

## आदिवासियों की सुरक्षा, सम्मान मोदी की गारंटी है

# दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे : शाह

**एजेंसी**



**जगदलुपर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुंच सकतीं। उन्होंने कहा कि नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जायेगा। गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं। पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गये और 250 ने आत्मसमर्पण किया। दो साल के अंदर छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने बचे हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा के साथ सम्मान की गारंटी भी मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, पर कांग्रेस की सोच इससे अलग है। श्री शाह बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। श्री शाह ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया। (शेष पेज 11 पर)

### वेंकैया नायडू समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-कमें वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये। दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. सीपी ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति पीएम मोदी , अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं।

## ट्रिपल मर्डर से दहला लातेहार

# सिरफिरे पुत्र ने पिता, भाभी और भांजी को मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू (लातेहार)।** जिले के सरयू टिओपी क्षेत्र के डबरी गांव में एक सरफिरे बेटे ने अपने घर के तीन सदस्य पिता और चचेरी भाभी व भांजी को कुल्हाड़ी से काट कर मौत का घाट उतार दिया। बड़े भाई और अपने पत्नी को कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया। इस ट्रिपल मर्डर की वारदात से पूरे इलाके में दहशत है। मृतकों में आरोपी के पिता सूरज उरांव, भाभी अनुपमा देवी और भगिनी मंसूरिया देवी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**मार देने की धमकी देता था**

ग्रामीणों ने बताया कि रंजन उरांव नामक कुछ दिनों से दिमागी हालत से ठीक नहीं था और अपने घर परिवार लोगों को बार बार जान से मारने का धमकी देता था। घर-परिवार के लोगों इस बात को नहीं समझ पा रहे थे। ग्रामीणों रामावतार नायक, जवाहर उरांव, वासुदेव उरांव ने बताया कि रविवार की देर रात रंजन उरांव ने पिता सूरज उरांव (62) चचेरी भाभी अनूपा देवी ( 31) और भगिनी मंसूरी देवी (28) को कुल्हाड़ी से काट दिया। दोनों महिलाएं उस वक्त कुएं के पास बर्तन धो रही थी। युवक ने दोनों का सिर कुल्हाड़ी से काट अलग कर दिया। ग्रामीण इलाका होने के कारण लोगों और पुलिस को सोमवार को इसकी खबर मिली। बीच बचाव करने आए बड़े भाई अमलेश उरांव और पत्नी हीरा मुनी देवी को भी निशाना बनाते हुए कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर। इस दर्दनाक घटना को देखते हुए डबरी समेत आस पास के गांवो में दहशत का माहौल बना गया है। वहीं गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार, सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों शव को अपने कब्जे में लिया। फिर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

# सरयू राय की घोषणा, धनबाद से पार्टी चुनाव लड़ेगी

### 24 घंटे के भीतर करेंगे प्रत्याशी के नाम की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**धनबाद।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ( भाजमो ) सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी। पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आयी थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है।

सोमवार को सरयू राय यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि धनबाद से वह खुद लड़ेंगे या पार्टी किसी अन्य को प्रत्याशी बनायेगी, इसका फैसला पार्टी के पांच पांडव करेंगे। इसमें मैं भी हो सकता हूं या इन पांच पांडव में से कोई एक हो सकता है। इसका खुलास मंगलवार को करेंगे। जमशेदपुर के विधायक श्री राय सोमवार को धनबाद में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### मेरी लड़ाई न भाजपा से न कांग्रेस से

संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि मेरी लड़ाई न भाजपा से है और न ही कांग्रेस से है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के जो विधायक है, जिन्हें अभी प्रत्याशी बनाया गया है, उनके क्रियाकलापों के खिलाफ हमारी लड़ाई है। यह लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही नहीं रहेगी। यदि वे जीत भी गये तब भी जारी रहेगी। उन्हें सलाखों तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उदेश्य है। रही बात पार्टी के चुनाव लड़ने की तो हमारी कोर कमेटी में पांच पांडव हैं, वहीतय करेंगे कि धनबाद के रण में कौन उतरेगा।

**कार्यकर्ताओं को नीचा दिखा रही भाजपा :** श्री राय ने कहा कि खुद को अनुशासित पार्टी कहने वाली भाजपा आज अपने कार्यकर्ताओं को नीचा दिखाने का काम कर रही है। चुनाव आयोग ने इस बार एक नियम बनाया है कि यदि आपकी पार्टी का प्रत्याशी दागी है तो उसकी पूरी जानकारी पार्टी खुद से दे। प्रदेश भाजपा महासचिव ने एक विज्ञापन जारी कर बताया है कि उनके धनबाद के प्रत्याशी के खिलाफ 19 मुकदमे पेंडिंग है। (शेष पेज 11 पर)

# 50 करोड़ की धोखाधड़ी में पांच पर चार्जशीट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बैंक से लोन दिलाने के नाम पर सीसीएल कर्मियों के हस्ताक्षर युक्त ब्लैंक चेक से फर्जी तरीके से संगठित आपराधिक गिरोह अपने खाते में करीब 50 करोड़ रुपए हस्तांतरित करने से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में अपराध अनुसंधान विभाग ने जांच पूरी कर ली। साथ ही इस मामले में पांच अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट में कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार व राहुल कुमार का नाम शामिल है। सीआइडी टीम ने इन आरोपियों को 16 दिसंबर 2023 को एक साथ दबोचा था। तब से पांचों जेल में है। सभी आरोपी रामगढ़ व पतरातू इलाके के रहनेवाले हैं। सीआईडी ने केस दर्ज होने के बाद छापेमारी की थी। इसमें चार मोबाइल, एक लैपटाप, दो कंप्यूटर व बैंक से संबंधित दस्तावेज बरामद किया गया था। बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा-धमका कर लोन पास करवाते थे। (शेष पेज 11 पर)

### जेएमएम का आरोप : मारपीट की घटना में बीजेपी का हाथ, सुप्रियो बोले

# रैली में उमड़े जन सैलाब ने बता दिया कि जनता को केंद्र में सत्ता परिवर्तन चाहिए

**उलगुलान न्याय महारैली को बताया पूरी तरह सफल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गत रविवार को आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया है। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जन सैलाब यह बताता है कि



अब देश में परिवर्तन की बयार बन चुकी है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। बीजेपी राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जन नेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों में आक्रोश है। बीजेपी को समझ लेना चाहिए की जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

### प्रायोजित थी मारपीट की घटना

रैली में मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमे लगता है कि बीजेपी की तरफ से प्रायोजित किया गया था। बीजेपी हताश और निराश होकर ऐसा काम की है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो बीजेपी का कर्मकांड है।

### बसंत की तबियत खराब, नहीं हुए शामिल

जेएमएम की अगुआई में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन 21 अप्रैल को किया गया था। इस कार्यक्रम का पूरा जिम्मा जेएमएम को सौंपा गया था। लेकिन इंडी गठबंधन के इतने बड़े कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसपर सफाई देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबियत खराब हो गयी थी। जिसकी वजह से यह दोनो लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

### प्रतुल बोले : रैली के सेंटर में कल्पना, सीएम चंपई सोरेन हुए किनारे

# उलगुलान न्याय महारैली परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश को प्रतुल शाहदेव ने न्याय उलगुलान रैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया है। श्री शाहदेव सोमवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगला नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रही। जबकि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। जब मुख्यमंत्री को बोलने का मौका दिया गया तो उनके



समर्थन में नारे भी नहीं लगे और उस समय तक सभा स्थल से भीड़ जा चुकी थी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाषण शुरू होने के वक्त मंच से कई बड़े नेता उतर कर चले गये। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री का अपमान के समान है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए की 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिये संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई। उन्होंने कहा लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच में खूनी संघर्ष हुआ। कई को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब निराश हताश झामुमो और कांग्रेस भाजपा पर हंगामा का आरोप लगा रही है। जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता एक दूसरे को पीट रहे थे।

### एक दिन पूर्व बसंत ने किया था स्थल निरीक्षण

उन्होंने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आये, लेकिन रैली के दिन पूर्णत गायब रहे। मीडिया में यह खबरें फैली कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवत: इसी कारण से वह नहीं आये। उन्होंने कहा कि रैली में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे लेकिन स्व विनोद बिहारी बिहारी, स्व निर्मल महतो और स्व दुर्गा सोरेन को पार्टी ने भुला दिया।

# उलगुलान रैली में मारपीट व आचार संहिता उल्लघंन मामले में केस दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में मारपीट को लेकर धुर्वा थाना में दो लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। वहीं पंप्लेट्स और पोस्टर को लेकर जेएमएम के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

**जेएमएम के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला :** कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने जो पोस्टर्स और पंप्लेट्स छपवाए थे वो अचार संहिता के खिलाफ है। इसीलिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जेएमएम पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

### रैली में मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज



धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की ओर से उलगुलान न्याय महारैली में दो पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई थी। चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में प्रभु दयाल यादव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, प्रभात तारा मैदान में दिन के 2.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग कार्यक्रम में घुसे और इंडिया गठबंधन का विरोध करने लगे। जब नंद गोपाल त्रिपाठी ने इसका विरोध किया तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उनके सिर पर तख्ते के डंडे से हमला किया। इस हमले में उनका सिर फट गया। हमला करने वाला प्रभु दयाल यादव था। उसके साथ 20-25 लोग थे जो विरोध कर रहे थे।

# चुनाव में जीत की रणनीति बनाने में जुटी कांग्रेस

**प्रदेश प्रभारी के साथ कांग्रेसी मंत्रियों की बैठक आयोजित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया गठबंधन के तहत झारखंड की सात लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस के नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के धुर्वा स्थित आवास पर बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। वहीं कुछ समय के लिए बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल हुए।

बैठक के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अहम बिंदुओं पर बातचीत हुई है। प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे को लेकर कुछ नाराजगी जरूर सामने आई है, लेकिन आलाकमान का फैसला है। चुनावी समीकरण और अन्य पहलुओं को देखकर टिकट देना और टिकट बदलने का निर्णय आलाकमान द्वारा लिया जाता है।



### इंडिया के लिए सभी को करना है काम : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के सभी लोकसभा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए समन्वय बनाकर और मिलकर काम करने पर बैठक में चर्चा हुई है।



### चुनाव के समय इस तरह की बैठक होना स्वभाविक : राजेश ठाकुर



वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव का वक्त है लिहाजा इस तरह की बैठकें होना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उलगुलान न्याय महारैली के दौरान इंडिया दलों के बीच चट्टानी एकता दिखीं और बढ़िया संदेश राज्य भर में गया है, उसी तरह कैसे हम अपने और अपने सहयोगी दलों के नामांकन में एकजुटता प्रदर्शित करें, बैठक में इसकी योजना भी बनाई गयी है। दीपिका पांडेय सिंह का टिकट कटने के मुद्दे पर राजेश ठाकुर ने कहा कि मीडिया में भी लगातार खबरें चल रही थी और पार्टी के अंदर भी कार्यकताओं में कई तरह की नाराजगी थी। आलाकमान के पास अपने इनपुट्स थे। आलाकमान इन्हीं इनपुट्स के आधार पर टिकट देने और बदलने का काम करती है। राजेश ठाकुर ने कहा कि कल उनके प्रत्याशी कालीचरण मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से, राजद उम्मीदवार ममता भुइंया पलामू से और जोबा मांझी सिंहभूम से नामांकन करेंगी, जबकि 25 को सुखदेव भगत का नामांकन होगा। ऐसे में नामांकन के दौरान सभी सहयोगो दलों के बीच समन्वय दिखे, इस पर भी चर्चा हुई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**आम सूचना**

एतद द्वारा चतरा जिला के सभी प्रखण्डों के आम जनों को सूचित किया जाता है कि ग्रीश्म ऋतु को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में प्रर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी श्री अरविंद कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, चतरा एवं उनके अधीनस्थ कर्मी के रूप में श्री अमित कुमार एवं श्री वासुदेव उरांव पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के नियंत्रण कक्ष में रहेंगे साथ ही उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मति की शिकायत कार्यालय अवधि में अथवा लिखित आवेदन से शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी। पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल चतरा/ सिमरिया/हण्टरगंज में भी संबंधित ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराया जा सकता है एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के Toll Free No 18003456502 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

पेयजलापूर्ति आपूर्ति संबंधी शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 निम्नांकित है जिसपर उनसे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | चतरा शहरी | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | श्री अरविंद कुमार सिंह 9931972161 |
| 2. | कान्हाचट्टी/चतरा ग्रामीण | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 3. | ईटखोरी | श्री मंगल सिंह वाहान्दा 8674928011 | |
| 4. | मयूरहण्ड | | |
| 5. | गिद्धौर | | |
| 6. | पत्थलगड्डा | | |
| 7. | प्रतापपुर | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | मो0 फैसल अंसारी 8851790994 |
| 8. | कुन्दा | | |
| 9. | हण्टरगंज | | |
| 10. | सिमरिया | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 11. | टण्डवा | | |
| 12. | लावालौंग | | |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 323988 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(उत्पाद शाखा)**

**-: आदेश :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक: 01/नि०वि०- 22-23(पार्ट-1) 2020/1186, दिनांक: 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक: 01/नीति-05-10/ 2022-651, दिनांक: 01.04.2024 एवं पत्रांक: 05/मु०स्था०-15-01/2019-814, दिनांक: 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं **मेघा भारद्वाज** (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा- 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को सम्पूर्ण कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों के बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ रू- क्र० सं० लोकसभा क्षेत्र का नाम चरण मतदान की निर्धारित तिथि कोडरमा जिलान्तर्गत शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ :-

| क्र० सं० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14-हजारीबाग 05-कोडरमा | पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 18.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांक: 20.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |
| 2. | 06-गिरीडीह | शष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 23.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांक: 25.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि :-

| क्र० सं० | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3. | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक: 04.06.2024 को |

उपरोक्त घोषित किये गये शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में कोडरमा जिले की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें (होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित) एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णत: बंद रहेंगे एवं किसी होटल, बार एवं रेस्तराँ/ क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में मदिरा की न तो बिक्री की जा सकेगी और ना ही उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा भोजनालय, दुकान या किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और ना ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उलंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा- 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह०/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, कोडरमा

PR 323989 Election (24-25)_D


# कांग्रेस व झामुमो भ्रष्टाचार के सहोदर भाई : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीट जीतना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीट लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभालें, यही निवेदन करने आया हूं। श्री मरांडी सोमवार को चाईबासा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के अवसर पर चाईबासा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश और झारखंड के लिए काफी काम किया है। पार्टी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है। इस दौरान सभी वर्गों के लिए काम किया। पिछली किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में इतना काम नहीं किया। भाजपा जो कहती है, वह करती है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन है। झारखंड की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही थी। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस राज्य की लोगों की भावना का कद्र नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख का उनका बीमा कर दिया। अब गरीब अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि सामने जो प्रतिद्वंदी है, उसके पास ना नीति है और ना नियत है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के लोगों के साथ छल किया है।

# अर्जुन मुंडा ने कर्रा में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची/खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार खूंटी के कर्रा प्रखंड स्थित ग्राम लापा और उड़ीकेल में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाएं हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में पास कराकर आधी आबादी को हक दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में नारी शक्ति का भरपूर समर्थन भाजपा को मिलने जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर आज मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुये 15 अप्रैल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाईं अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं।

### अंतु तिर्की समेत पांच आरोपियों को आज ईडी करेगी कोर्ट में पेश

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बडगाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े मामले में आरोपी जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर को पांच दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया जायेगा। अदालत ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर ईडी को पूछताछ करने की अनुमति 18 अप्रैल को प्रदान की थी। ईडी ने 19 अप्रैल को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से चारों को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस रिमांड की अवधि 23 अप्रैल को समाप्त हो रही है। जानकारी के अनुसार ईडी आगे भी आरोपियों से पूछताछ जारी रखना चाहती है। इसको देखते हुये ईडी और रिमांड की मांग कर सकती है।

## लोकसभा चुनाव 2024 : चतरा संसदीय क्षेत्र का विश्लेषण

# चतरा में आज तक नहीं पहुंची रेल सेवा, हर बार बनता रहा चुनावी मुद्दा, लेकिन नतीजा सिफर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी चतरा जिले के लोगों को रेल सेवा नहीं मिल पायी है। यह झारखंड के उन जिला मुख्यालयों में शामिल है, जहां से रेल सुविधा नहीं है। भारतीय रेल यहां अपनी सुविधा नहीं पहुंचा सकी है। इसका नतीजा है कि यहां के लोगों को ट्रेन सेवा के लिए कोडरमा, गया या रांची जाना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि यहां रेल सेवा देने की मांग नहीं उठी है। इसकी मांग वर्ष 1957 से हो रही है। इसे लेकर कई बार आंदोलन भी हुआ है। चतरा ही नहीं दिल्ली में भी धरना-प्रदर्शन होते रहे हैं, पर आज भी रेलवे की सुविधा यहां नहीं पहुंची है। वर्ष 2014 में सुनील कुमार सिंह को पहली बार भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। तब मोदी लहर में रिकॉर्ड 1,78,026 वोट से वह जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू को हराया था। इसके बाद 2019 के चुनाव में सुनील सिंह को फिर भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। एक बार फिर पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 3,77,871 वोट से उन्होंने जीत हासिल की। तब उन्होंने कांग्रेस के मनोज यादव को हराया था।

**यहां के लोगों को ट्रेन सेवा के लिए कोडरमा, गया या रांची जाना पड़ता है। चतरा में रेल सेवा देने की मांग वर्ष 1957 से हो रही है लेकिन इस पर केंद्र सरकार ने ध्यान नहीं दिया।**



### झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र है चतरा

चतरा लोकसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। इसके पूर्व यह कोडरमा व हजारीबाग का हिस्सा था। वर्ष 1977 तक गया, हजारीबाग, पलामू जिले के कुछ हिस्सों के साथ चतरा एक संसदीय क्षेत्र में से एक था, लेकिन वर्तमान में झारखंड के सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा आते हैं। इसमें चतरा, सिमरिया, लातेहार, मनिका व पांकी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### पांच में से दो विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

चतरा संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा हैं। इसमें दो भाजपा के कब्जे में है, जबकि कांग्रेस, राजद व झामुमो का एक-एक विधानसभा सीट पर कब्जा है। चतरा में राजद के सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया में भाजपा के किशुन कुमार दास, लातेहार में झामुमो के बैजनाथ राम, मनिका में कांग्रेस के रामचंद्र सिंह और पांकी में भाजपा के कुशवाहा शशिभूषण मेहता विधायक हैं।

### 75 साल से चतरावासियों को है रेल का इंतजार

हर लोकसभा चुनाव में यहां चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ने का मुद्दा छाया रहता हैं। सभी प्रत्याशी चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ने को चुनावी मुद्दा बनाते हैं, पर यह मुद्दा भर बन कर रह जाता है। चुनाव होते हैं, सांसद चुने जाते हैं। फिर पांच साल का कार्यकाल भी गुजर जाता है, लेकिन मांग पर कुछ होता नहीं है। हर बार यहां के मतदाता आशा पालते हैं और फिर निराश भी होते हैं। लगातार आंदोलन के कारण वित्त वर्ष 2007-08 के आम बजट में चतरा-गया रेल लाइन की स्वीकृति मिली थी। 2009 के आम चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने गया जिला के शेरघाटी में चतरा-गया रेलवे लाइन के लिए आधारशिला रखी थी। 2009-10 के बजट में भूमि अधिग्रहण को लेकर राशि मिली थी, लेकिन राशि कम होने के कारण यह मामला अधर में लटक कर रह गया।

**मनोज कु.सिन्हा (लेखक राजनीतिक विश्लेषक व साहित्यकार हैं)**

## रांची के जगन्नाथपुर क्षेत्र में भीषण जल संकट !



फोटो : समीर

# रांची में मौत बनकर दौड़ी कार एक महिला की मौत, 6 घायल



**रांची।** राजधानी के पॉश इलाके में सोमवार को एक कार मौत बनकर दौड़ी। कार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी है और आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये हैं। लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी के समीप अनियंत्रित कार ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की मौत हो गयी। बेलगाम कार ने अन्य छह लोगों को भी अपनी चपेट में लिया है। सभी लोग घायल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और एक्सयूवी 700 कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक ने मोरहाबादी के म्यूजियम चौक से लेकर पूर्व सीएम शिबू सोरेन के आवास तक कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। वहीं झामुमो सुप्रीमो के आवास के समीप एक महिला की कार से कुचल कर मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनियंत्रित कार ने महिला को कुचलते हुए बिजली पोल से टकरायी, इस कारण कार रूक गई, वरना और लोगों की जान जा सकती थी।

इस घटना के संबंध में लालपुर थाना प्रभारी ने बताया कि गाड़ी किसी वकील की है। गाड़ी में बैठे सभी व्यक्ति घटना के बाद फरार हो हैं। कार को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। कार चालक और सवारों का पता लगाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगा कि यह मामला ड्रंक एंड ड्राइव का है या फिर तकनीकी खराबी का। हादसे के बाद भीड़भाड़वाले इलाके से चालक का भागना भी कई सवाल खड़े कर रहा है।

## राज मिस्त्री की हत्या मामले नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास के हुई राजमिस्त्री की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव, महावीर उरांव शामिल है। इस घटना में शामिल दो किशोरों को भी पकड़ा गया है। ग्रामीण एसपी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। घटना शनिवार देर रात की है। राजमिस्त्री सरवर अंसारी (25) अपने साथ काम कर रही रेजा बिरसमुनि उराइन, चरिमा गांव निवासी को उसके घर पैसा पहुंचाने गया था। ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा। इसके बाद ग्रामीणों से उसकी बकझक होने लगी। रेजा बताया भी कि वह मुझे पैसा देने आया है। बावजूद इसके ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी।

## हनुमान जन्मोत्सव आज, होगा विशेष आयोजन : विहिप

**रांची।** सोमवार को विहिप ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने बताया कि पूरे प्रांत में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव 9 अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11000 स्थान पर आयोजित किया गया। श्री रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जायेगा। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा। एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कि पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है।

# झामुमो ने स्कूलों में ऑनलाइन क्लास शुरू कराने की मांग की

### उच्च तापमान का दिया हवाला

**सिलेबस पूरा करने के साथ-साथ जरूरी है बच्चों का स्वास्थ्य**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य में हीट वेव और उच्चतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाने का हवाला देते हुए सभी स्कूलों में ऑफलाइन कक्षाएं स्थगित कर ऑनलाइन क्लास शुरू करने की मांग सरकार से की है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि मौसम केंद्र का आकलन है कि आनेवाली दिनों में प्रचंड गर्मी की संभावना है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह सभी स्कूल में चलने वाली कक्षाएं स्थगित कर दें और क्लास रूम से टीचर ऑनलाइन पढ़ाई कराएं।

**बच्चों को तपिश भरी दोपहरी में घंटों बस में रहना पड़ता है :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्या ने कहा कि यह ठीक है कि सरकार ने गर्मी को देखते हुए स्कूल की टाइमिंग में परिवर्तन किया है। बच्चे स्कूल तो जाते हैं सुबह 06 बजे, लेकिन स्कूल से लौटते समय दोपहर का 12:00 -12.30 बज जाता है। आज दूर-दूर से बच्चे स्कूल जाते हैं। घंटों बच्चों को बस में रहना पड़ता है। यह ठीक नहीं है, उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। ऐसे में पार्टी सरकार से मांग करती है कि स्कूल में ऑफलाइन कक्षाएं बंद की जाए।

**जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए शीघ्र होगी प्रत्याशी की घोषणा :** सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कल सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी के रूप में जोबा मांझी नामांकन करेंगी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों की करें भौतिक समीक्षा

### मतदान केंद्रों की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने का सीईओ का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में पदाधिकारी विकसित करें। मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए उन्हें अपने मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले धनबाद, बोकारो, रांची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों एवं तैयार योजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के क्रम में कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढ़िया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें।

श्री कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ायें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अहर्ता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें।

उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को

उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता थे।

# धरती का शोषण-दोहन बंद हो, बचाने के लिए हरियाली जरूरी: किशोर मंत्री



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत और पौधारोपण उप समिति की बैठक चैंबर भवन में उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। विश्व धरती दिवस के मौके पर कहा गया कि हमें धरती की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है, और यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है, कभी बाढ़ सूखा गर्मी का बढ़ना तूफान भूकंप इसका प्रमुख कारण है, जान माल की क्षति होना। धरती का शोषण दोहन अत्याचार करना बंद करना होगा, तभी सभी धरती पर सुरक्षित रह सकते हैं। हम सभी धरती के पुत्र समान हैं, तभी हम इसे धरती माता कहते हैं, और प्रणाम करते हैं, धरती लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गई है इससे बचने के लिए अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए। पौधरोपण द्वारा ही पर्यावरण की रक्षा संभव है। मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, किशन अग्रवाल, आनंद जालान, परमजीत सिंह चाना, मनोज कुमार मिश्रा, स्वामी दिव्यज्ञान, मोनल श्रीवास्तव, कुमार शिवम आदि शामिल थे।

## आरयू: ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल 48 घंटों तक खुलेगा



**रांची।** एनएसयूआई के सदस्यों ने आरूषी वंदना के नेतृत्व में सोमवार को आरयू के सेमेस्टर-1 की ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल खोलने को लेकर कुलपति का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने कहा कि सैकड़ों विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए या भरने के बाद पेमेंट नहीं कर पाए। इसी को लेकर विद्यार्थियों ने एनएसयूआई से संपर्क किया। पोर्टल खुलवाने का आग्रह किया। मौके पर पहुंची आरुषि वंदना और अब्दुल राबनावज ने कुलपति से मिलकर छात्रों की समस्या बताई। कुलपति ने तुरंत परीक्षा नियंत्रक को 48 घंटे के लिए पोर्टल खोलने का निर्देश दिया। मौके पर प्रणव, आकाश, अदीबा नाज, पूजा कुमारी, फरहान खान, महफूज आलम, अमित, संदीप मौजूद थे।

### भाजपा का कांके में चुनावी कार्यालय खुला

## आम चुनाव भारत की दिशा दशा करेगा तय : आदित्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा का कांके विधानसभा क्षेत्र का चुनावी कार्यालय का उदघाटन सोमवार को हुआ। यह कार्यालय कांके रिंग रोड पर खुला है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक समरी लाल, मनोज महतो वाजपेयी, संजीव विजय वर्गीय, रमाकांत महतो थे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा ने कहा कि यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगा। इसलिये, हम सबों को 25 मई को अपने-अपने बूथ पर मतदान करने की जरूरत है। भाजपा का मंत्र है कि बूथ जीतो, चुनाव जीतो। इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर खड़ा रहना है। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा मत का प्रयोग हो सके।

इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह मोदी का दौड़ता हुआ भारत है। ना थकता है ना झुकता है। दुश्मनों की आंखों में आंख डालकर बात करने वाला भारत है। पहले पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ करा करके कश्मीर, पंजाब आदि जगहों पर हमले करवा देता था। तब भारत महज मौखिक ही विरोध दर्ज करता था परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिपाटी बदली और आतंक को उसी के घर में घुसकर जवाब देने की सेना को खुली छूट दे दी। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिये भारतीय सेना ने यह बता दिया कि वक्त आने पर कुछ भी करने में सक्षम है। मौके पर सुरेंद्र महतो, नसीब लाल महतो, प्रीतम साहू, सुजाता कच्छप, नीरज पासवान, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, हृदय साहू, राम लखन मुंडा सहित कांके विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष महानगर और ग्रामीण के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### ईडी आगे भी अफसर अली से करेगी पूछताछ

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में ईडी रिम्स कर्मी आरोपी अफसर अली से आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। सोमवार को 6 दिनों की पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद उसे ईडी कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही और रिमांड का आवेदन दिया गया। इस पर सुनवाई पश्चात अदालत में 5 दिनों की और पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की। मालूम हो कि मामले में ईडी ने अफसर अली को 17 अप्रैल को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

### पलामू का कैदी हथकड़ी निकालकर फरार

**रांची।** रिम्स के सर्जरी वार्ड में इलाजरत पलामू का कैदी हथकड़ी निकालकर फरार हो गया। पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले कैदी श्याम किशोर चौधरी को 13 अप्रैल रिम्स भर्ती कराया गया था। पेट के ऑपरेशन के बाद 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिप्ट किया गया था। श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में पलामू जिला बल के हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल महतो तैनात थे। पलामू से रिम्स पहुंचे दोनों पुलिसकर्मियों ने मामले की जानकारी बरियातू थाना को दी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### डीएवी के बच्चों ने लिया पृथ्वी बचाने का संकल्प



**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में सोमवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। पृथ्वी पर बढ़ती गर्मी की ओर ध्यान दिलाते हुए इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और पृथ्वी को बचाने का आह्वान किया गया। बच्चों ने इस अवसर पर चित्रांकन किया तथा मॉडल भी बनाए। पृथ्वी दिवस पर बच्चों द्वारा एक नाटिका का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने धरती को प्लास्टिक से बचाने और उसके कम से कम उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर शिक्षिका आराधना सिन्हा, नीलिमा दास और अनंत कुमार झा ने भी विचार व्यक्त किये। मौके पर बच्चों के अलावा वरिष्ठ शिक्षक सह कार्यक्रम के संयोजक नागेंद्र झा और प्रेमजीत सारंगी भी मौजूद थे।

### नीरजा सहाय डीएवी में मना विश्व पृथ्वी दिवस



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में पृथ्वी दिवस पर छठी के विद्यार्थियों ने वन बचाने के लिए जागरूकता फैलाने वाले नाटक की प्रस्तुती दी। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता इत्यादि को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने प्रकृति संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि हम प्रकृति के लिए अवश्यक नहीं हैं, पर प्रकृति हमारे लिए अत्यंत अवश्यक है। इसलिए हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रा निधि कुमारी, शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी आदि ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### सीआइटी में टीसीएस का प्री-प्लेसमेंट टॉक



**रांची।** आईटी सेक्टर की नामचीन कंपनी टीसीएस ने सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में इंजीनिरिंग के फाइनल व प्री फाइनल सेशन के विद्यार्थियों के लिए प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया। सत्र के दौरान कंपनी के एचआर टीम के संदीप रॉय एवं आकाश घोष ने विद्यार्थियों को कंपनी की चयन प्रकिया की जानकारी दी। मौके पर चीफ कोर्डिनेटर प्रो. अंकित सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ के पी दत्ता, कौशिक चटेर्जी उपस्थित थे।

### डीपीएस में पृथ्वी दिवस मना



**रांची।** पृथ्वी दिवस के मौके पर डीपीएस रांची ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हमारे ग्रह के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने पृथ्वी दिवस का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों से सुसज्जित बैज पहनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिन का मुख्य आकर्षण स्कूल द्वारा आयोजित जीवंत साइकिल रैली थी, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने समान रूप से भाग लिया। हवा में लहराते पृथ्वी संरक्षण की वकालत करने वाले रंगीन बैनरों के साथ, प्रतिभागियों ने स्कूल के आसपास की सड़कों पर साइकिल चलाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी और प्रदूषण पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता का संदेश फैलाया। इसके अलावा, वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरे विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। वृक्षारोपण अभियान ने हरित एवं सुरक्षित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता के उद्देश्य को उजागर किया।

# शोध के दौरान नैतिकता पर महत्व देने की जरूरत : डॉ टीके शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सोमवार को शैक्षणिक लेखन विषय पर एक कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि शैक्षणिक लेखन एक ऐसी लेखन शैली है, जिसका उपयोग विभिन्न अकादमिक कार्यों के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय व अनुसंधानकर्ता प्रमुख उपयोगकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान संदर्भ में विद्वानों को अपने विचार प्रस्तुत करने में, शोध का विश्लेषण करने में और एक प्रभावी तर्क तैयार करने में मदद करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से निरंतर संवाद के क्रम में कई प्रश्न पूछे। उन्होंने उनसे शोध के अंतर्गत ऑब्जेक्टिव और परिकल्पना के मध्य अंतर को जानना चाहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने संवाद के क्रम में रुपए पर हस्ताक्षर के विषय पर भी प्रश्न पूछा। इसके अलावा उन्होंने शिक्षकों को साहित्यिक नकल और विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को उदाहरणों के माध्यम से पढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने शैक्षणिक लेखन के चार प्रमुख विशेषताओं यथा वर्णात्मक, विश्लेषणात्मक, प्रेरक और आलोचनात्मक की जानकारी दी। ग्रामीण विकास विभाग की समन्वयक डॉ. रीना नंद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, रिसोर्स पर्सन के तौर पर डॉ. एकता बख्शी, मिस निरल बाखला और ग्रामीण विकास विभाग के शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर हार और जीत का गणित हो रहा तैयार

# भाजपा की राह पर कांग्रेस : दीपिका पांडे सिंह के साथ हुआ सुनील सोरेन वाला हाल, रांची की प्रत्याशी बनी यशस्विनी

**चर्चा थी कि रांची लोकसभा सीट पर सुबोधकांत सहाय या राम टहल चौधरी हो सकते हैं प्रत्याशी**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर हार और जीत का गणित तैयार करने के मामले में कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी के फार्मूले को अपनायाहै। कांग्रेस ने गोड्डा सीट के लिए घोषित महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह का नाम काटकर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बना दिया है। इस फामूर्ले को कुछ दिन पहले भाजपा ने दुमका सीट पर आजमाया था, जब घोषणा के बावजूद सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का नाम काटकर पार्टी में शामिल गुरु जी की बड़ी बहू सीता सोरेन को उम्मीदवार बना दिया गया था।

खास बात है कि गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार घोषित करने के बाद से ही उनका विरोध हो रहा था। प्रदीप यादव के समर्थक आर-पार की लड़ाई के लिए खुलकर सामने आ चुके थे। लगातार होते विरोध के बीच दीपिका पांडे सिंह ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि प्रदीप भैया साथ देंगे। लेकिन अचानक दीपिका पांडे सिंह की मंशा पर पानी फिर गया।

दीपिका पांडे सिंह का जब विरोध हो रहा था तो संगठन में इस बात की चर्चा थी कि दीपिका को राहुल गांधी का आशीर्वाद प्राप्त है। सबसे खास बात है कि रविवार को ही रांची में मोदी सरकार के खिलाफ उलगुलान न्याय महारैली में इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं का जमावड़ा हुआ था। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुए थे। उनके रांची से रवानगी के कुछ घंटे के भीतर ही दीपिका पांडे सिंह का नाम हटाकर प्रदीप यादव को कैंडिडेट घोषित कर कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि वह इस चुनाव में किसी तरह का जोखिम नहीं उठाएगी।

इस बीच भाजपा की तरह ही कांग्रेस ने रांची से यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाकर एक बड़ा सरप्राइज दिया है। चर्चा थी कि रांची लोकसभा सीट पर सुबोध कांत सहाय या राम टहल चौधरी ताल ठोक सकते हैं। लेकिन कांग्रेस ने रांची सीट पर भाजपा के उस फामूर्ले को अपनाया, जिसको भाजपा ने चतरा में अपनाया था। फर्क इतना है कि भाजपा ने चतरा में दो बार के सीटिंग सांसद सुनील सिंह का टिकट काटकर कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया तो कांग्रेस ने रांची में सुबोध कांत सहाय की बेटी को तरजीह दी।

# जेएमएम नेता कुदुस अंसारी पर हमला बेटा घायल, तीन आरोपित गये जेल






खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चकला निवासी जेएमएम नेता (अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष) कुदुस अंसारी के घर पर लाडी डंडा व रड से हमला हुआ है। इस हमले में कुदुस अंसारी का बेटा मुनीस अख्तर घायल हो गया। वहीं घर के कई सामान तोड़ दिया गया है रविवार रात आठ बजे के करीब हुई घटना के संबंध में बताया गया कि जेएमएम नेता शाम को बेटा के साथ रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली से लौटकर चकला मोड़ के पास अपनी (वाहन) कार खड़ी की थी। वहीं पर बगल में ही कुटे निवासी एजाज अंसारी ओल्डिंग का कार्य कर रहा था। उसने कार को हटाने बोला, नहीं तो जल जाएगा। इसी बात पर दोनो में बहस के बाद मारपिट हो गई। मामला थाना पहुंचने के बाद दोनो पक्ष में समझौता भी हो गया था। बताया गया कि रात में एजाज अंसारी के पिता एनामुल अंसारी कुटे व चकला गांव के रिस्तेदारों के साथ गैंग बनाकर जेएमएम नेता के घर पहुंचा, और हमला कर दिया। जिससे कुदुस अंसारी के बेटा का माथा फट गया और हांथ टुट गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी डुंडे ओरमांझी में प्रथमिक उपचार के बाद रिम्स में भर्ती किया गया। कुदुस अंसारी द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें कुटे निवासी एजाज अंसारी, एनामुल अंसारी व इसराफील अंसारी और चकला निवासी मिन्हाज अंसारी, नेयाज अंसारी व चिराग अंसारी सहित अन्य लोगों पर जानलेवा हमला करने व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गले में पहने चैन व 20 हजार रूपया लूट लेने का आरोप लगाया गया है। ओरमांझी पुलिस द्वारा मामला के आरोपी कुटे के एनामुल अंसारी 52 वर्ष, एजाज अंसारी 30 वर्ष व चकला के मिन्हाज अंसारी 34 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं नामजद फरार अन्या आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया गया की आरोपी इसराफील अंसारी पूर्व में भी गैंग बनाकार गणेषपुर निवासी ग्रामीणों पर हमला किया था। उसके खिलाफ पूर्व से भी ओरमांझी थाना में मामला दर्ज है।

# सामूहिक प्रयास से बचेगी पृथ्वी : डॉ मयंक मुरारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। इसके लिए हरेक व्यक्ति परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से बचाया जा सके। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज महिलौंग मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किया है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा। कार्यक्रम में बच्चों के मध्यम भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया । मंच संचालन शचींद्र कुमार ने किया। इसको सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरूण कुमार एवं भुवनेश्वर महतो ने अहम योगदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## एक नजर में

### सिपाही और हवलदार को प्रोन्नति शीघ्र

**रांची।** सिपाही और हवलदार को एएसआई रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने एएसआई रैंक में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखने का निर्देश दिया है। डीआईजी कार्मिक ने जिले के एसएसपी, एसपी, सभी कमांडेंट और वाहिनी के प्रमुख को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि निकट भविष्य में सिपाही और हवलदार कोटि के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रोन्नति दिया जाना है। जिसे लेकर मनोनयन की मांग पुलिस मुख्यालय के द्वारा किया जाना है। इसलिए प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखा जाए। ताकि मनोनयन की मांग किए जाने पर सही समय पर सर्विस बुक उपलब्ध रहे और किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहे।

### थाना पहुंची प्रेमिका, दूसरे से विवाह करने बारात जाना था चला गया जेल



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बारीडीह निवासी अशोक करमाली 22 वर्ष का सोमवार को विवाह होने वाला था। बारात जाने की तैयारी भी कर ली थी, तभी बिच में प्रेमिका आ गई। प्रेमिका द्वारा थाना में मामला दर्ज कराने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया गया कि युवक का बगल गांव हतवाल की 20 वर्षीय यवुती के साथ पिछले चार वर्ष से प्रेम संबंध था। एक ओर युवक विवाह का प्रलोभन देकर वह प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाता था। दूसरी ओर कहीं और, दूसरी युवती से विवाह करने जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने युवती ओरमांझी थाना पहुंची और युवक के खिलाफ मामला दर्ज करा दी। जिसके बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। विवाह के दिन लड़के की गिरफ्तार की जानकारी होते ही लड़की पक्ष के भी कई लोग थाना पहुंच गए। एक ओर लड़की पक्ष वाले विवाह की तैयारी कर ली थी। लड़का का पिता प्रेमिका के साथ विवाह कराने को तैयार नही था। वहीं प्रेमिका हर हाल में प्रेमी से विवाह करने पर अड़ी थी। बाद में लड़की पक्ष वालों ने ही ऐसे लड़के के साथ बेटी का विवाह करने से इंकार कर दिया।

### मजदूरों को तय वेतन नहीं मिला तो आंदोलन



**खलारी।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस इंटक के एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने असंगठित मजदूरों का हक अधिकार दिलाने के लिए सीसीएल डकरा व केडीएच परियोजना पदाधिकारी को पत्र दिया है। उन्होंने कहा है कि एने एरिया में काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा उनके साथ काम कर रहे असंगठित मजदूरों को कोल इंडिया द्वारा तय वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण मजदूरों में सीसीएल प्रबंधन के प्रति आक्रोश बढ़ते जा रहा है। एरिया के डकरा, केडीएच परियोजना में चल रहे सभी आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा कोल इंडिया के नियम के तहत मजदूरों का वेतन तय किया जाय, नहीं तो मजदूरों द्वारा आंदोलन किया जाएगा। अब्दुल्ला अंसारी ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी व सीसीएल अधिकारी मिलीभगत कर मजदूरों का वेतन आपस में बांट रहे हैं। चेतावनी दिया कि जल्द से जल्द कोल इंडिया का तय वेतन मजदूरों को नहीं दिया गया तो मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे जिसकी पूरी जबाबदेही प्रबंधन की होगी।

### घर में अचानक गिरने से सीसीएल कर्मी की मौत

**खलारी।** एनके एरिया अंतर्गत पुरनाडीह परियोजना में कार्यरत डम्फर ऑपरेटर झारी गंझू लगभग(39 वर्ष) पिता स्व बीफा गंझू की मौत घर से निकलने के दौरान अचानक से चक्कर मारने से मौत हो गया। जानकरी के अनुसार मृतक पुरनाडीह में कार्यरत डम्फर ऑपरेटर झारी गंझू ग्राम हरगाड़ी, बेती का दिन के 10 बजे घर से निकलने के दौरान अचानक से चक्कर लगने से गिर पड़ा। उसके कुछ देर बाद परिवार के सदस्यों ने मूर्छित अवस्था में सेंट्रल हॉस्पिटल डकरा लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। सीसीएल कर्मी को अचानक से मृतु होने पर जनता मजदूर संघ के एरिया अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव ने मृतक के परिवार वालों को संवेदना करते हुए सीसीएल के पॉलिसी के तहत नौकरी सहित अन्य सुविधा देने की कार्रवाई किया जा रहा था।

### संत माईकल 2 स्कूल मूरी में अर्थ डे मनाया गया

**मुरी।** संत माईकल 2 स्कूल मूरी में सोमवार को बड़ी उत्साह के साथ अर्थ डे मनाया गया। यह दिवस दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजन किया जाता है। इस दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे आम, अमरूद, पपीता, जामुन इत्यादि विद्यालय में लाए एवं स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यालय के निदेशक प्रचार्य एवं शिक्षको ने भी इस अवसर पर आयोजित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। पृथ्वी दिवस के जरिए विद्यालय के बच्चो ने ग्रीन अर्थ एवं प्रदुषण मुक्त पृथ्वी का संकल्प लिया। इस मौके पर पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जैसे भाषण पौधारोपण पोस्टर मेकिंग आदि जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार जी छात्रों को पेड़ पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रचार्य प्रजापति ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक दिन मना कर पर्यावरण संरक्षित नहीं कर सकते इसके लिए पूरे वर्ष सक्रिय रहने की आवश्यकता है। विद्यालय की शिक्षिका सपना दत्ता ने बच्चो को इस दिवस की महत्व बताई और सभी को पौधारोपन करने एवं पौधो को रोजाना पानी डालने के लिए जागरूक किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए श्वेता भेगरा, मंजू कुमारी, सीमा कुमारी, मनीषा सिंह, उत्पल कुमार, अभिरूप दत्ता, वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराई, सुशील कुमार एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### लोकपाल ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

**मांडर।** प्रखंड के अन्तर्गत नगड़ा पंचायत में सोमवार को मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कई सिंचाई कूप व आम बागवानी का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही सिंचाई कूप की चौड़ाई व गहराई की मापी भी करायी। यहां के बाद उन्होंने नगड़ा पंचायत सचिवालय मनरेगा से जुड़े कर्मियों के साथ बैठक की और संबंधित योजनाओं से जुड़े 7 पंजी का अवलोकन किया। पंजी का संधारण पूरा नहीं होने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने कर्मियों को दिए। मौके पर मनरेगा बीपीओ गौरव मिश्र, जेई आशुतोष कुमार, पंचायत सेवक आनंद सिंह, रोजगार सेवक मो शमीम, मुखिया बहादुर उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### बुंडू के एसएफसी गोदाम में लाखों की चोरी

**बुंड।** बुंडू के जामटोली में स्थित एसएफसी के 1000 एमटी गोदाम में चोरी हुई है जिसकी सूचना प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रबीन्द्र बड़ाईक ने किसी को जानकारी नहीं दी है। मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं है गोदाम में कितनी बोरी चावल कितनी बोरी गेहूं की चोरी हुई है आखिर जब चोरी हुई है तो इसकी जानकारी बुंडू थाना को क्यों नहीं दी गई। इसके साथ अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुका कुमारी को भी इसकी जानकारी नहीं उपलब्ध कराई गई है। बीएसो से जब पूछा गया कि आपने इसकी जानकारी बीडीओ तता एसडीओ को क्यों नहीं दी तो उन्होंने कहा कि वह इसकी जानकारी जिला में दे दी गई है। बंडू बीएसओ के द्वारा शटर का ताला खुद से चेंज कराया गया है तथा नया ताला लगाया गया है। पूछे जाने पर बीएसो बुंडू बताने से कतरा रहे हैं आखिर गोदाम में कितनी बोरी चोरियां हुई है इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है और ना ही बीएसो के द्वारा इसकी जानकारी प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी को देना उचित नहीं समझे हैं और ना ही अनुमंडल पदाधिकारी को देना उचित समझे हैं। बताया जा रहा है कि भारी मात्रा में गोदाम में चोरी हुई है जिसे बीएसओ द्वारा छुपाया जा रहा है स्थानीय व्यक्ति से पूछने पर कहा गया कि रविवार की बीती रात चोरी हुई है इसके बाद पदाधिकारी सटर का ताला तथा अंदर का ताला को कटवा कर बाहर निकाल कर बदलवा दिए हैं।

# कोयला लदा ट्रक के साथ तीन धराया, भेजे गए जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रामगढ़ से रांची चोरी का कोयला लेकर जा रही एक ट्रक के साथ तीन लोगों को ओरमांझी थाना पुलिए द्वारा धर दबोचा गया है। टर्बो ट्रक से ईंटा व चिप्स ले जाने की आड़ में चोरी का कोयला रांची व आसपास के ईंट भठों में पहुंचाया जाता है। इसकी गुप्त सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना के रात्रि गस्ती पुलिस द्वारा जेएच01वी-5898 को रोक तलासी ली, तो डाला में चार टन कोयला लदा था। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर उसमें सवार चालक कुलदीप बेदिया 25 वर्ष, पवन कुमार 19 वर्ष व सोनू बेदिया 23 वर्ष को गिरफ्तार लिया गया। पुछताक्ष में बताया कि मांडु रामगढ़ से कोयला लेकर कांके क्षेत्र के इंट भठा में पहुंचाने जा रहे थें। गिरफ्तार सभी को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा है कि अवैध रूप से कोयला पहुंचाने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवायी जारी रहेगी।

## हज से लौटने पर हाजी दिलकश रांचवी का भव्य स्वागत

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के कलुवाडीह निवासी हाजी दिलकश रांचवी सह शायरे हिन्दुस्तान का हज से लौटने पर मुरी स्टेशन में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी ने माला पहनाकर एवं गुलदस्ते देकर स्वागत किया। दिलकश रांचवी ने मुरी स्टेशन के बाहर समाज और देश के अमन चैन के लिए दुआएं पढ़ी। स्वागत करने वालो में पूर्व जिला परिषद पूर्व मौलाना नाजिर अली फैजी, फारूक नसीम, शमीम समेत परिवार एवं समाज के लोग मौजूद थे।

# अवैध सेलारी उठाव के लिए तीन गुटों में समझौता के लिए थाना परिसर पहुँचे धंधेबाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** अवैध स्लेरी का मंडवाली के लिए तीन गुटों में समझौता के लिए खलारी थाना परिसर के द्वार धंधेबाज पहुँचे। थाना परिसर तीन गुट में से फैक्टरी प्रबंधन से एक, सेलारी का धंधेबाज के दो गुट लोग व नेता बैठ कर थाना प्रभारी का इंतेजार करने में लगे रहे। जिस तरह से सभी गुट आपस में बातचीत कर रहे थे। उससे यह स्पष्ट पता चल रहा था कि अवैध सैलेरी उठाव में पैसे का लेन देन की बात लगातार सामने आ रही थी। कुछ धंधेबाज ग्रुप लोडर का प्रयोग, और हाइवा से सेलारी ले जाने के विरोध किया जा रहा था। वही विरोध कर रहे लोगों ने ट्रेक्टर के माध्यम से सेलारी का उठाव करने की बात कही जा रही थी। दो गुट के एक ग्रुप के सदस्य पैसा उगाही में उधारी रह जाने पर देने की बात कही जा रही थी। जिस तरह से अवैध कारोबार में लिप्त धंधेबाज थाना परिसर में आकर धंधे में सेटलमेंट के लिए थाना का रुख किया जाता है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि था ना से अवैध कारोबार का सिंडिकेट का संचालन किया जाता है। बताना चाहते है कि खलारी सीमेंट फैक्टरी से अवैध स्लेरी का उठाव करने पर कई बार खलारी अंचलाधिकारी के द्वारा रोक लगाया गया है। वही कई बार वर्षो से जमी स्लेरी का पहाड़ पर फॉरेस्ट भी दावा ठोकती है।

लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुआ बैठक का आयोजन

# सीओ व बीडीओ ने बुथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा, दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर सीओ प्रताप मिंज व बीडीओ राहुल उरांव की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड के कई सेक्टरों में बैठक का आयोजन किया गया। जहां एक और विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। वही स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाएं और इसकी तैयारी में लगे रहे। सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में सभी सुविधा मुहैया कराना हम सब का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। साथ ही साथ मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों,जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से कहा कि हम सब का फर्ज है कि हम सभी मिलकर लोगों को जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बुथों से संबंधित जानकारी ली गई और दिशा निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्यान भोजन ग्रहण किया।मौके पर बीपीओ संजय तिर्की जनप्रतिनिधि के अलावे क्षेत्रीय कमी भी उपस्थित थे।

## पृथ्वी दिवस के मौके पर सिरका पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया



**अनगड़ा।** पृथ्वी दिवस के मौके पर प्रखंड के सिरका ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में सभी ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा हैन्ड प्रिन्टिंग एक्टीवीटी के द्वारा लोगों को साफ सफाई के प्रति लोगों को साक सफाई के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया कि आज से न तो वे इधर उधर कचरा फेंकेंगे न किसी को फेंकने देंगे और न हीं उसे जलाएंगे। इस अभियान में मुखिया रोशन लाल मुंडा, जलसहिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति प्रतिनिधि साहेब राम महतो, सुबीर रंजन, सीईई ऋषभ भट्टाचार्य, हरि चरण महतो, अनु कुमारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे

## हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

पिसकानगड़ी। नगडी स्थित हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल में सत्र 2023 24 के दसवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया समारोह की शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम केसरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में यह बतलाने का प्रयास किया गया कि विद्यार्थियों का जीवन कैसा होना चाहिए। मौके पर शिक्षकों के द्वारा यह बतलाया गया कि विद्यालय में वह प्रथम दिन से विदाई समारोह तक का समय सुनहरा सफर होता है जिसमें विद्यार्थियों के जीवन में आने वाले संघर्षों से सामना करना सिखलाया जाता है जूनियर विद्यार्थियों के द्वारा प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छा देकर विद्याथीर्यों को सम्मानित किया गया अतिथि के रूप में विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थियों के माता-पिता कार्यक्रम में उपस्थित हुए और अपना आशीर्वचन देते हुए बतलाया कि यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है मनसंचालन टिकैट कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

# आठ साल बाद भी नहीं बना मॉडल स्कूल का भवन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार ने प्रखंड के टेरो राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में 2016 में करोड़ों की लागत से मॉडल स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू किया, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। भवन निर्माण पूर्ण कराने के लिए जिम्मेदार उदासीन हैं। भवन का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। वही मॉडल स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण का कहना है कि अधूरा भवन रहने से आम जनता की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। भवन बनने से इस स्कूल में पढ़नेवाले बच्चे-बच्चियों को मूलभूत सुविधाएं मिलती। बच्चों को अभी कोई सुविधा नहीं मिल रही है। बच्चे प्रतिदिन अपने घर से ही विद्यालय आना-जाना करते हैं, जबकि उन्हें आवासीय व्यवस्था के साथ स्कूल में ही रहकर पढ़ाई करनी है।

### सरकार की उदासीन रवैया

केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल स्कूल सरकार की उदासीन रवैया के कारण आज बेकार साबित हो रहा है। स्थापना के दो दशक बाद भी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक विद्यालय परिसर में चल रहे मॉडल स्कूल के पास न तो अपना भवन है और ना ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक ही है। मॉडल स्कूल जैसा कि नाम से किसी अच्छे भवन, बेहतर शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की छवि हमारे मन में उभरती है। इससे बिल्कुल अलग है प्रखंड में चल रहे मॉडल स्कूल की। लेकिन ऐसी स्थिति में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात सोचना भी बेमानी होगी। यह बात और है कि संसाधनों के अभाव के बावजूद मॉडल स्कूल के बच्चे साल-दर-साल बेहतर रिजल्ट कर रहे हैं। फिर भी सरकार मॉडल स्कूलों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। सरकार की बेरुखी का सीधा असर विद्यालय पर पड़ रहा है जिसके चलते छात्रों की संख्या घटती जा रही है। वहीं चालू सत्र में घटकर 101 रह गए हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक भी अब इस विद्यालय में अपने बच्चों को नामांकन करने से कतरा रहे हैं।

### कक्षा पांच और शिक्षक महज चार

मॉडल स्कूल में फिलहाल कक्षा छह से लेकर दस तक पढ़ाई होती है। यानी कुल पांच कक्षाओं के लिए मात्र चार शिक्षक ही यहां कार्यरत हैं। विज्ञान व संस्कृत के शिक्षक ही नहीं है। बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए कम से कम विषय वार पढ़ाई के लिए यहां नौ शिक्षकों की आवश्यकता है।

### आठ साल में नहीं बन पाया भवन

वर्ष 2010 में मॉडल स्कूल को स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन व्यवस्था के तौर पर प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के एक हिस्से में इसे चालू किया गया। उम्मीद थी कि जल्द ही विद्यालय का अपना भवन बनेगा तथा बच्चे बेहतर व अच्छे माहौल में पढ़ सकेंगे। लेकिन आठ साल बाद भी भवन अधूरा है तथा निर्माण कार्य फिलहाल ठप पड़ा हुआ है। निमार्णाधीन भवन के चारों तरफ झाड़ियां उग आई है। परिसर में बन रहे मॉडल स्कूल का भवन अधूरा पड़ा है। सरकार ने मॉडल स्कूल के लिये करोड़ों की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण करवाया, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो रहा है। मॉडल स्कूल के लिए बनाया गया नया भवन करीब आठ साल से अधूरा पड़ा है। जिम्मेदार कुम्भकर्णी निद्रा में सोये हुए है।

### जब स्कूल का ही भविष्य तय नहीं तो बच्चों का भविष्य कैसे होगा?

स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैं लेकिन जब ये स्कूल ही दम तोड़ने लगे तो बच्चों का भविष्य कहां तक टिक पाएंगे। प्रखंड के इस मॉडल स्कूल में ना शिक्षक है ना ही पुस्तक, ना ही भवन है और ना ही शैक्षणिक संसाधन। झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए मॉडल विद्यालय बनाया है। कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिए बना यह मॉडल स्कूल अब बदहाली के आंसू रो रहा है।

### कक्षा छह से दस तक अंग्रेजी में पढ़ाई

मॉडल स्कूलों को निजी विद्यालयों से मुकाबले के लिए तैयार किया जाना है। इन स्कूलों में कक्षा छह से दस तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में कराई जाती है। हैरत की बात, सरकार और विभाग का मेगा प्रोजेक्ट होने के बावजूद शिक्षण गुणवत्ता पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा।वहीं स्कूल भवन की कमी को अब बच्चों ने तो अपना लिया है और इसी माहोल में पढ़ाई करने के लिए खुद को ढाल भी लिया है। कई छात्र व छात्रएं मॉडल स्कूल के नाम पर चल रहे इस विद्यालय में नामांकन कराने के बाद खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। आखिर शिक्षा विभाग की आंखें कब खुलेगी? सरकार कब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से हो रहे खिलवाड़ को समझेगी? इसके जवाब फिलहाल जानना मुश्किल सा लगता है।

# सिंहभूम सीट पर भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा ने दाखिल किया नामांकन

■ कहा- झामुमो के पास कोई नीति नहीं, सिर्फ जनता को धोखा
■ झारखंड की सभी 14 सीट जीतकर मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाना है : मरांडी

**खबर मन्त्र टीम**




प सिंहभूम के डीसी सह निर्वाचन पदाधिकारी को नामांकन पत्र सौंपती गीता कोड़ा। साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जेबी तुबिद व अन्य। और नामांकन सभा में समर्थकों का अभिवादन करती गीता कोड़ा।

**चाईबासा/जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए आज भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने पार्टी राज्य प्रमुख बाबूलाल मरांडी समेत एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में सोमवार को पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर गीता कोड़ा की मेजबानी में एक भव्य नामांकन जन सभा का भी आयोजन किया गया। चाईबासा के खूटकट्टी मैदान में आयोजिन जन सभा को संबोधित करते हुए गीता कोड़ा ने कहा कि झारखंड की सत्तारूढ़ झामुमो के पास कोई नीति नहीं है। उसने जनता को सिर्फ धोखा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि झामुमो वालों ने जनहित में काम करने की बजाय उनको सिर्फ गर्त में ढकेलने का काम किया। नतीजा बेरोजगारी, भुखमरी, पलायन, भ्रष्टाचार की समस्या और गंभीर हो गयी।

श्रीमती कोड़ा ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो वाले केवल केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को रोकने में लगे रहे। अपना कोई काम नहीं किया जो दिखे। क्योंकि उनकी सोच विकास की बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि गांवों में करीब 35 हजार बच्चे स्कूल से ड्रॉपआउट हैं। फिर भी झारखंड सरकार की नींद नहीं खुल रही है। रोजगार नहीं है। गांवों से पलायन जारी है। गांव के गांव खाली हैं। वे मोदी से दस साल का हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन अपना हिसाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को डराया धमकाया जा रहा है। लेकिन भाजपा के ये सिपाही डरनेवाले नहीं हैं। भाजपा कार्यकर्ता इस सरकार को उखाड़ फेंकें। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन वाली इस दमनकारी सरकार को उखाड़ फेंकें। श्रीमती कोड़ा ने इसके पूर्व भाषण की शुरुआत में अबकी बार 400 पार तथा भाजपा जिंदाबाद के नारे भी लगाये।

**कोल्हान को झामुमो वालों ने भ्रष्टाचार का चरागाह बनाया : डा दिनेशानंद–** लोकसभा प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानन्द गोस्वामी ने कहा कि कोल्हान को झारखंड मुक्ति मोर्चा वालों ने लूट भ्रष्ट्राचार का चारागाह बना दिया है। नरेंद्र मोदी जी के गरीब कल्याणकारी योजनाओं ने देश को एक आयाम दिया है। कोल्हान की जनता मोदी जी के सबका साथ विश्वास पर उन्हें आदर्श मानने लगी है,जिससे इंडि गठबंधन वाले मुद्दा विहीन हो गए है,भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा की पक्ष में पूरे सिंहभूम की जनता है ने जिताने का मन बना लिया है और गीता कोडा को जीतने से कोई रोक नहीं सकता।

सभा को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बड़कुंअर गगराई, पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक अरबिंद सिंह, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड,गणेश महाली, रमेश हांसदा, रामानुज शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, आदित्यपुर महापौर विनोद श्रीवास्तव, आदित्यपुर उपमहापौर अमित सिंह भी थे।

**झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार के सहोदर भाई : बाबूलाल मरांडी**

जनसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए ने पिछली लोकसभा चुनाव में झारखंड में 14 में से 12 सीटें जीती थीं। इसबार सभी 14 सीटें जीतेंगे। ताकि केंद्र में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछल दस वर्षो में जो कार्य किये उसी के आधार पर वोट मांग रहे हैं। मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विकास। इसलिये पिछले दस वर्षो में मोदी ने जितने काम किये उतने काम किसी भी अन्य सरकार में नहीं हुए। भाजपा जो बोलती है वह करती है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड राज्य भाजपा की देन है। अलग राज्य की लड़ाई तो देश की आजादी के बाद से ही शुरू हो गयी थी। लेकिन सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य देने के बजाय जनता को घुमाते रहे। लेकिन भाजपा सरकार केंद्र में आते ही वर्ष 2000 में झारखंड राज्य बनाकर दे दिया। कांग्रेस के राज में गांवों सड़कें नहीं थीं। बरसात में समस्या और बढ़ जाती थी। लेकिन आज केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद गांव गांव में सड़कें बनीं। आना जाना सुविधाजनक हुआ।

## नामांकन के पूर्व गीता कोड़ा ने की गितिलपी देशाऊली की पूजा



चाईबासा। एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने नामांकन पर्चा दाखिल करने के पहले सोमवार को गितिलपी गांव स्थित हो समाज के पवित्र स्थल देशाऊली में परंपरागत रीति रिवाज से पूजा कर सुख–समृद्धि समेत चुनाव में जीत का आर्शीवाद मांगा। इसके बाद तांबो स्थित खूंटकट्टी मैदान में आयोजित भाजपा के लोकसभा नामांकन पत्र दाखिल करने के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। देशाऊली में जाने के पहले गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा व अन्य समर्थकों के साथ गितिलपी पहुंचे। वहां से ढोल नगाढ़ों की धुन पर उनको देशाऊली तक ले जाया गया। देशाऊली दर्शन के बाद वह गांधी मैदान से निकलने वाली नामांकन जुलूस में शामिल हुई और नामांकन कार्यक्रम में पहुंची। इसके बाद उन्होंने जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय में नामांकन पर्चा दाखिल किया। देशाऊली दर्शन के दौरान उनके साथ उनके पीए गणेश कोड़ाह, सुरेंद्र पुरती, इलाकाई मानकी ललित सावैयां, सोना सावैयां, सुनील सावैयां, रंजन मुंदुईया व अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### एंबेसडर्स फॉर चेंज का प्रशिक्षण सत्र 27 को

**जमशेदपुर।** बाल शोषण की घटनाओं को लेकर आज भी समाज का नजरिया अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुआ है। लोग अक्सर इस तरह के मामलों पर ध्यान नहीं देते। हालांकि सीआईआई यंग इंडियंस इस तरह घटनाओं की रोकथाम को लेकर लोगों को लगातार जागरूक कर रहा है। इसी क्रम में सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) द्वारा जमशेदपुर में पहली बार एंबेसडर फॉर चेंज नाम से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। 'एंबेसडर फॉर चेंज' प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आगामी 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे से सेंटर फॉर एक्सीलेंस सभागार में होगा।

### रेडक्रॉस का 720वां नेत्र शिविर विदाई से संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित 720वां नेत्र ज्योति यज्ञ आज नेत्र रोगियों के विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। स्व सीता देवी जगदीश प्रसाद जी भाउका के पुण्य स्मृति में आयोजित 720वां नेत्र शिविर के अन्तिम दिन नेत्र चिकित्सक डॉ राशि ने नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच किया। शिविर संयोजक परिवार के ललित भाउका, शेफाली भाउका, विश्वनाथ भाउका, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल ने चश्मा पहनाया एवं दवा प्रदान किया। नेत्र रोगियों को आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी रेड क्रॉस कार्यकर्ता श्याम कुमार ने प्रदान किया।

### टाटा स्टील के कर्मी प्रभुनाथ सिंह ने 33 वां एसडीपी दान किया



**जमशेदपुर।** बच्चों के जन्मदिन पर केक काटना या किसी जगह जाकर जरूरतमंदों को भोजन करना यह सामान्य सा प्रचलन है, इसी में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनर्स व डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एक ऐसे रक्तदाता है जो अपने जीवन के हर शुभ दिन पर रक्तदान को मानवता की सेवा का सबसे बेहतरीन माध्यम मानते हैं और रक्तदान, एसडीपी दान करते हैं, ऐसा ही उन्होंने आज अपने बेटे के विवाह के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर अपना 33वां एसडीपी डोनेशन किया। कुल मिलाकर उन्होने अब तक 69 बार अपना रक्तदान पूरा किया है।

### टांगराईन स्कूल के बच्चों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**जमशेदपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन (पोटका) के बच्चों ने आज विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुष्पा मांझी द्वितीय पुरस्कार भुवानी मुंडा को मिला। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद तिवारी ने बच्चों को पर्यावरण के विषय में जानकारी दी।

### महिला विवि में पृथ्वी दिवस पर निकली रैली

**जमशेदपुर।** सोमवार को सुबह 8:30 बजे जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा सिदगोड़ा कैंपस में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में विभाग के छात्राओं के द्वारा एक पर्यावरण–जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसे कुलपति महोदया प्रो (डॉ0) अंजिला गुप्ता के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# तीन अपराधी जिला बदर, नौ हर दिन देंगे हाजिरी

■ पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को भयमुक्त एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा 3 अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश दिया गया है। जिला बदर अपराधियों को दिनांकः - 27.04.2024 से अगले तीन माह अर्थात दिनांकः - 26.07.2024 तक की अवधि के लिए इस जिले से निष्कासित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही झारखण्ड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 (अंगीकृत) की धारा 7 (1) के तहत उन्हें आदेश दिया गया है कि वे रू0 -25,000.00 का बंधपत्र दिनांकः - 26.04.2024 तक दाखिल करेंगे कि वे दिनांकः - 27.04.2024 से अगले तीन माह अर्थात दिनांकः - 26.07.2024 तक पूर्वी सिंहभूम जिले में प्रवेश नहीं करेंगे। उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध झारखण्ड अपराध नियंत्रण 2002 तहत कार्रवाई की जायेगी।

थाना में दैनिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 9 अपराधकर्मियों को आदेश दिया गया है कि वे दिनांक 27.04.2024 से 26.07.2024 तक प्रतिदिन आदेशित थाना के कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। साथ ही झारखंड अपराध नियंत्रण, 2002 (अंगीकृत) अधिनियम की धारा - 7 (1) (बी) के तहत उन्हें आदेश दिया गया है कि वे 10,000.00 (दस हजार) मात्र का बंधपत्र दिनांक 26.04.2024 तक दाखिल करेंगे। वे समाज में अच्छा व्यवहार बनाए रखेंगे। उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2002 ( अंगीकृत) धारा -7 (2) (बी) के तहत कार्रवाई होगी।

**जिला बदर अपराधी के नाम एवं पता निम्नवत हैं-**

1. अपराधकर्मी रविदास पे0 स्व0 जनार्दन दास सा0-निर्मल नगर, थाना- सोनारी, जिला - पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
2. अपराधकर्मी अंशु चौहान उर्फ आयुष चौहान, पे0 - स्व0 राजकुमार सिंह, पता - म0नं0 - 184, लाईन नं0-04, भुईयाडीह, थाना- सीतारामडेरा, जिला - पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
3. अपराधकर्मी मोहित सिंह, पे-प्रशांत सागर सिंह, पता - शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 4, थाना -कदमा, जिला - पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

**इन्हें देनी होगी हाजिरी :** विशाल दत्ता, रूपनगर, दोमुहानी, विकाश गुप्ता उर्फ काना विकाश, शिव मंदिर लाईन, ओलिडीह, मो शहनवाज उर्फ शाहरूख खान कुंवर सिंह रोड, ओलिडीह, लालटू महतो, निर्मल नगर, दोमुहानी, मो कलाम खुंटाडीह सोनारी, संतोष गोप उर्फ बाबला, निर्मल नगर, दोमुहानी आदि।

## मारवाड़ी युवा मंच का बच्चों के लिए पांच दिवसीय अंडर प्रिविलेज कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की देखरेख में विभिन्न शाखाओं द्वारा आयोजित होने वाले सामाजिक कार्य के क्रम में इस बार 22 से 26 अप्रैल तक बच्चों के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम प्रांत स्तर में आयोजित किया गया। इसी क्रम में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम अंडर प्रिविलेज बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बताया की इस आयोजन के प्रथम दिन सोमवार को एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल में बच्चों के लिए मन लगाकर सांस और मन लगाकर खाना खाने का कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें शिल्पी पलसानिया (इंडिया वर्ल्डवाइड) द्वारा बच्चों को यह बताया गया कि माइंडफुल ईटिंग अपनाने से व्यक्ति तनाव मुक्त रहने के साथ-साथ खुद को हेल्दी महसूस भी करता है। माइंडफुल ईटिंग एक ऐसा नुस्खा है जो हर समय एकमात्र विकल्प साबित हो सकता है।

# जमशेदपुर में दो चरणों में होगा ईवीएम का रैंडमाइजेशन : डीसी

■ डीसी अनन्य मित्तल ने की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकसभा चुनाव निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक कदम जिला प्रशासन द्वारा उठाये जा रहे हैं । इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई । बैठक में ईमीएम का रैंडमाइजेशन, आचार संहिता का अनुपालन, प्रचार सामग्रियों का प्री सर्टिफिकेश, निर्वाचन व्यय का पंजी संधारण एवं कोषांग को प्रतिवेदन, बूथ रिलोकेशन प्रस्ताव, कलस्टर पर इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम आदि की जानकारी दी गयी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो चरणों में ईवीएम का रैंडमाइजेशन किया जाएगा । उन्होने बताया कि ईवीएम का पहला रैंडमाइजेशन 24 अप्रैल तथा दूसरा 10 मई को होगा। पहले रैंडमाइजेशन में विधानसभावार ईवीएम सेट चिन्हित कर लिए जायेंगे वहीं दूसरे रैंडमाइजेशन में बूथवार आवंटित किये जायेंगे। तत्पश्चात ईवीएम को एलबीएसएम एवं को-ऑपरेटिव कॉलेज के डिस्पैच सेंटर पर प्रोटोकॉल के तहत पहुंचाया जायेगा।

## क्रिकेट का महाकुंभ जैन प्रीमियर लीग आरंभ

**अर्का जैन यूनिवर्सिटी**

■ जमशेदपुर के 20 से अधिक स्कूल ले रहे हैं हिस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




लीग के आरंभ होने के मौके पर अतिथिगण और टीम के सदस्यगण।

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी की ओर से आईपीएल की तर्ज पर सोमवार को जैन प्रीमियर लीग की शुरुआत की गयी। यह लीग 25 अप्रैल तक चलेगी। इस महाकुंभ का आयोजन जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज में किया गया है। इसमें जमशेदपुर के 20 से भी अधिक स्कूलों की टीमें से हिस्सा ले रही हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सुबह 6 से 11 बजे तक मैच खेले जायेंगे। इस लीग की शुरुआत ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रणजी प्लेयर सतीश कुमार सिंह, मौजूदा कोच ईरानी उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न स्कूलों से आये छात्रों की हौसला आफजाई की. साथ ही भरोसा दिलाया की छात्रों को कभी भी ट्रेनिंग की आवश्यकता पड़ी तो उन्हें हरसंभव मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने अर्का जैन यूनिवर्सिटी का शुक्रिया अदा किया।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को विश्व में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। शेन इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दिवस की शुरुआत सुबह की प्रार्थना सभा से हुई, जिसमे बच्चों द्वारा पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया,और उसकी सुरक्षा की शपथ ली गयी। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए, स्लोगन लिखें तथा कविता वाचन किया और पर्यावरण के सरंक्षण का संदेश दिया। सभी से पर्यावरण की रक्षा की अपील की गयी। प्राचार्या रमा श्रीनिवास (अकादमिक) ने बच्चों को पर्यावरण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# धनबाद की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का भी विरोध शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष का पुतला फूंका , किया विरोध**

**धनबाद।** गोड्डा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदले जाने के बाद अब धनबाद सीट के उम्मीदवार का विरोध जोर पकड़ने लगा है। सोमवार को आदिवासी-मूलवासी संगठन के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जोरदार विरोध किया। नारेबाजी करते हुए लोग बिनोद बिहारी चौक पहुंचे, जहां कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का पुतला जलाया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे गणपत महतो ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी ने केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह कर एक घरेलू महिला को टिकट दिलाने का काम किया है। ये लोग भाजपा के साथ मिले हुए हैं और धनबाद से कांग्रेस को हराने के लिए यह सब कुछ किया है। ऐसे उम्मीदवार की जरूरत नहीं है। गोड्डा की तरह धनबाद में भी उम्मीदवार बदला जाना चाहिए।

आदिवासी, दलित और पिछड़ों की आबादी इस जिले में 75 प्रतिशत है, जबकि ये लोग एक प्रतिशत भी नहीं हैं, लेकिन पैसा लेकर टिकट दिलाने का काम किया है। हमें स्थानीय उम्मीदवार चाहिए, जो हमारी तकलीफ को समझ सके और उसका निदान करे। आज तक राष्ट्रीय पार्टी ने एक भी स्थानीय को लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया है। पिछली बार इसी वजह से कीर्ति आजाद हारे थे। खुद पार्टी के प्रदेश प्रभारी कहते हैं कि जिसका जितना बहुमत, उसका उसका उतना हक। फिर 75 प्रतिशत को क्यों दरकिनार किया गया। विरोध कर रही पुष्पा कुमारी ने कहा कि अब हमें बाहरी नेतृत्व नहीं चाहिए। क्या हमलोग झारखंड में सिर्फ झंडा ढोने के लिए हैं। हमारे बीच के लोगों को पार्टी को टिकट देना होगा, अन्यथा विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में राजनीति में हमारा प्रतिविधित्व मिलना चाहिए।

## एक नजर में

### टाटा स्टील : पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण की शुरुआत



**जमशेदपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में, टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज ने आज कदमा बायो डायवर्सिटी पार्क में 200 देशी प्रजातियों के पौधे रोपे। 5.5 एकड़ में फैली यह महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल, क्षेत्र की जैव विविधता को बढ़ाने के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पौधारोपण अभियान के दौरान उपस्थित सम्मानित अतिथियों में डॉ सुधीर राय, जेनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील के साथ अरुण विद्युत, चीफ डिवीजनल मैनेजर, टाउन सर्विसेज, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी शामिल थे।

### पृथ्वी दिवस पर आनंद मार्ग ने बांटे 100 फलदार पौधे



**जमशेदपुर।** पृथ्वी दिवस पर सोमवार की सुबह 8 से 10 बजे तक आनंद मार्ग ने सोनारी एवं गदरा के ग्रामीण क्षेत्र कदमा में त्रिफला आंवला, बहेडा, और हरितकी (हरड) त्रिफला शब्द का शाब्दिक अर्थ है। इन तीन फलों के 100 पौधे का वितरण किया गया। वन को बचाने पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया गया एवं वन के महत्व को बताया गया। निशुल्क पौधा बांट सुनील आनंद ने बताया कि आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से लोगों के बीच साल, सागवान, गमार, अकाशीया, आम, कटहल जामुन, आंवला तथा शहर के लोगों के बीच अन्य औषधीय पौधे छोटे गमले के पौधे से लेकर फलदार, औषधीय एवं फॉरेस्ट प्लांट तक वितरित किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को इच्छा अनुसार 5 से भी ज्यादा पौधा दिया जाता है।

### गरीबों को भोजन करवाकर मनाया अपना जन्मदिन



**जमशेदपुर।** ह्यूमपाइप, नया कोर्ट समीप किशोरी आश्रयगृह मे ट्रस्टी सुनीता पोयरा का जन्मदिन केक काटकर, सभी को भोजन कराकर तथा नृत्य संगीत कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी वृद्ध महिलाए खुशी से झूम उठी और नृत्य भी किया। ट्रस्टी सुनीता पोयरा ने कहा इनके साथ मनाया गया जन्मदिन यादगार रहेगा। वृद्ध माताओं द्वारा प्राप्त आशीर्वाद से निरंतर सामाजिक कार्यों को करने की शक्ति प्राप्त हुई। संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी और वर्तमान के सदस्य तथा नए जुड़ने वाले सदस्यों का जन्मदिन, सालगिराह एव अन्य खुशियों के पल जरूरतमंदों, अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, मंदबुद्धि आश्रम जैसे स्थानों में मनाकर खुशियां बाटने का कार्य किया जायेगा। श्री चक्रवर्ती ने कहा जिस तरह मेंहदी लगानेवाले के हाथो में भी खुद से मेंहदी लग जाती है उसी तरह खुशियां बांटने से भी खुशियां प्राप्त होती है।

### राजेंद्र विद्यालय के छात्रों ने मनाया पृथ्वी दिवस



**जमशेदपुर।** राजेंद्र विद्यालय के प्रांगण में पृथ्वी दिवस मनाया गया। मौके पर बच्चों को अपनी धरती का महत्त्व बताया गया तथा उसे साफ–सुथरा और हरा–भरा रखने कामहत्व सिखाया गया। इको क्लब, राजेंद्र विद्यालय ने रुफा फाउंडेशन के साथ मिल कर इस आयोजन को सफल बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए (कक्षा 1 से 12 वीं) तक केबच्चे एक सप्ताह से अनुपयोगी वस्तुओं को जमा कर रहे थे। इनका उद्देश्य इन वस्तुओं को पुन : उपयोग में लाना (रिसाइकिल करना)। वे प्लास्टिक बॉटल खिलौने, ई वेस्ट, तेल और दूध के पैकेट, धातु के बने डिब्बे इकट्ठा किये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 12 वीं की इकोक्लब की अध्यक्ष श्रुति जयसवाल, विद्यालय की प्रधानाचार्या जयंती सिंह, उप प्राचार्या प्याली मुखर्जी औरइकोक्लब की संचालिका किरण सिन्हा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### आर वी एस अकादमी में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**जमशेदपुर।** आर वी एस अकादमी ने अपने छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ पृथ्वी दिवस की भावना को अपनाया। ग्रह बनाम प्लास्टिक विषय के तहत, स्कूल समुदाय हमारे ग्रह की सुंदरता और टिकाऊ जीवन के महत्व का जश्न मनाने के लिए एक साथ आया। आरवीएस अकादमी के अध्यक्ष श्री बिन्दा सिंह ने एक संदेश साझा किया जिसमें हमारे ग्रह की सुरक्षा में हम सभी की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। प्रिंसिपल श्रीमती वीशा मोहिंद्रा ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के उत्साह और समर्पण की सराहना की।

# उम्मीद बरकरार

देश की तीन दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों, टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) और वित्त वर्ष 24 के नतीजे कमजोर रहे हैं। वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही (अक्टूबर 24 से मार्च 25) संभवतः इसका सबसे निचला दौर हो, जिसके बाद सुधार दिख सकता है। उनको उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर हालात बेहतर होने से वित्त वर्ष 25 के अंतिम महीनों और वित्त वर्ष 26 में आय की गति में धीरे-धीरे सुधार आ सकता है। आईटी की इन तीन दिग्गज कंपनियों की मौजूदगी सभी भौगोलिक इलाकों और कार्यक्षेत्रों तक है। मार्च 2024 तक इन कंपनियों में कुल मिलाकर करीब 12 लाख कर्मचारी थे और वित्त वर्ष 24 का उनका कुल राजस्व 4.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। उनके महत्त्वपूर्ण आकार और सभी खंडों और भौगोलिक इलाकों में मौजूदगी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वित्त वर्ष 25 के लिए उनके अनुमान और रुझानों का आकलन ज्यादातर आईटी सेवा व्यवसायों के लिए अच्छा रहने की संभावना है, विशेष रूप से उन बड़ी कंपनियों के लिए जो छोटे, विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। कार्यबल का उपयोग अभी भी ऐतिहासिक स्तर से नीचे है। तीनों कंपनियों में आट्रिशन रेट यानी नौकरी छोड़ने की दर भी घटकर 12 फीसदी के आसपास रह गई है जो कि पिछले वर्षों के मुकाबले आधा है। कर्मचारियों की कम संख्या और कम नौकरी छोड़ने की दर का यह संयोजन पूरे उद्योग में कमजोर मांग का संकेत देता है। तीनों कंपनियां कमजोर विवेकाधीन खर्च को चिंता का एक प्रमुख क्षेत्र बताती हैं। हालांकि सभी कंपनियां लगातार सौदे हासिल कर रही हैं। इस कारण आईटी सेक्टर में 2024-25 में उम्मीद बरकरार है।

# हथियारों का दुरुपयोग

समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में ह्यहर्ष फायरिंग के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं? यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। बिहार, यूपी सहित कई राज्यों में हर्ष फायरिंग में मौत की घटना लगातार घटती रहती है। इस विषय पर पूरे देश में गंभीरता की आवश्यकता है।

# सरकारी योजनाओं को लेकर कुछ सवाल





- गुरुबचन सिंह

> यह सही है कि हमारे यहां वस्तुओं और सेवाओं के लिए अलग-अलग कर-सब्सिडी दरें हैं। बहरहाल, देश में ऐसी दरें प्रायः वस्तु और सेवा के आवश्यक होने, विलासिता होने या दोनों के बीच की स्थिति में होने के निर्धारण पर निर्भर करती हैं। अक्सर दरों का निर्धारण इस आधार पर नहीं होता है कि क्या सही कीमत तय करने में बाजार विफलता सामने आ सकती है। यहां हमें बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है।

**भारत** सरकार अनेक योजनाओं का संचालन करती है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैंः सहज बिजली हर घर योजना, पीएम फसल बीमा योजना, इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम, पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना, सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना, पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मत्स्य संपदा योजना और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना। यह योजनाओं की लंबी सूची का एक छोटा हिस्सा है। व्यापक तौर पर देखें तो ऊपर वर्णित विभिन्न योजनाएं बाजार में हस्तक्षेप करने का तरीका हैं। परंतु आर्थिक मोर्चे पर ये कितनी तार्किक हैं इस बारे में चीजें हमेशा स्पष्ट नहीं रहतीं। आइए पूरे मसले को थोड़ा और करीब से जांचते हैं।

बाजार व्यवस्था ताकतवर है और यह संसाधनों के आवंटन का एक शक्तिशाली उपाय है। बहरहाल, यह निर्वात में काम नहीं करती। यह एक कानूनी, नियामकीय और संस्थागत ढांचे में काम करती है। यदि यह ढांचा उपयुक्त नहीं हो तो बाजार गड़बड़ा सकता है। यानी कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है। वैधानिक, संस्थागत और नियामकीय ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है। कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों और अल्पावधि को छोड़ दिया जाए तो तथाकथित विशेष योजनाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। एक उदाहरण पर विचार कीजिए। यदि आवास कीमतें अधिक हैं और बीते सात-आठ वर्ष में अचल संपत्ति बाजार में मंदी के बावजूद बहुतों की पहुंच से बाहर हैं तो सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजना चला सकती है और वह कर भी रही है।

वैकल्पिक रूप से सरकार आत्मावलोकन कर सकती है और आवास बाजार के काम करने संबंधी ढांचे को लेकर बनी नीति पर पुनर्विचार कर सकती है। अब व्यापक रूप से दो बुनियादी बातें हैं जिनकी बदौलत देश में आवास कीमतें अधिक हैं। पहली, देश में अभी भी अचल संपत्ति क्षेत्र में काफी हद तक लाइसेंस-परमिट-कोटा जैसी व्यवस्था है। अधिकांश क्षेत्रों के लिए ऐसी व्यवस्था 1991 में नकारी जा चुकी है।

दूसरा, हमारे यहां सन 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून जैसा उदाहरण है। हमें इन दो स्तरों पर बुनियादी बदलाव करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना हमें ज्यादा आगे नहीं ले जा सकेगी। भले ही हम सब्सिडी की अवसर लागत के मुद्दे को किनारे कर दें। यह सही है कि उचित कानूनी, नियामकीय या संस्थागत ढांचे में भी बाजार नाकाम हो सकता है। कीमतें गलत हो सकती हैं, संसाधनों का गलत आवंटन हो सकता है।

अक्सर नियम आधारित कर सब्सिडी नीति हस्तक्षेप का बेहतर तरीका होती है। कई बार जागरूकता अभियान का इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि लोग सही निर्णय ले सकें। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि हमें उपरोक्त प्रकार की सरकारी योजनाओं की आवश्यकता है या नहीं।

यह सही है कि हमारे यहां वस्तुओं और सेवाओं के लिए अलग-अलग कर-सब्सिडी दरें हैं। बहरहाल, देश में ऐसी दरें प्रायः वस्तु और सेवा के आवश्यक होने, विलासिता होने या दोनों के बीच की स्थिति में होने के निर्धारण पर निर्भर करती हैं। अक्सर दरों का निर्धारण इस आधार पर नहीं होता है कि क्या सही कीमत तय करने में बाजार विफलता सामने आ सकती है। यहां हमें बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है।

मुद्दा केवल संसाधनों के किफायती आवंटन का नहीं है बल्कि गरीबी और आर्थिक असमानता का भी है। बहरहाल हमें पानी जैसी अनिवार्य वस्तुओं पर कम शुल्क की विशेष नीति की जरूरत नहीं है। हमें जल जीवन मिशन जैसी अलग योजना की आवश्यकता भी नहीं है।

इसके बजाय हमें कर-जीडीपी अनुपात बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके बाद सरकार और अधिक आय समर्थन दे सकती है और वह बुनियादी ढांचे पर भी अधिक व्यय कर सकती है जिसमें स्वच्छ जल की पर्याप्त उपलब्धता आदि शामिल हैं।

फिलहाल कर-जीडीपी अनुपात काफी कम है और ऐसा पूरी तरह अर्थव्यवस्था के कमतर विकास के कारण नहीं है। यह इसलिए कम है क्योंकि भारत सरकार कर-जीडीपी अनुपात बढ़ाने पर पर्याप्त धनराशि व्यय नहीं करती है और न ही इस दिशा में प्रयास करती है। एक ओर कुछ कर कानून अभी भी अतार्किक हैं तो दूसरी ओर हमारे यहां ढेर सारी कर रियायतें हैं। कुछ कर तो लगाए ही नहीं गए हैं।

साफ-साफ कहें तो यह जिक्र किया जाना चाहिए कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि भारत सरकार की योजनाएं सभी आर्थिक क्षेत्रों में विद्यमान हैं। वृहद आर्थिक स्थिति और वित्तीय अस्थिरता से निपटने के लिए हमारे यहां भारतीय रिजर्व बैंक जैसे संस्थान और कींस की वित्तीय नीति जैसी नीतियां हैं।

नीतिगत और संस्थागत ढांचा आमतौर पर व्यापक है। सरकारी अधिकारी प्रायः वृहद आर्थिक स्थिति और वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन के लिए विशेष सरकारी योजनाओं का संचालन नहीं करते। बहरहाल, जब हम वृहद आर्थिक स्थिति से बाहर देखते हैं तो हालात बहुत ज्यादा अलग नजर आते हैं। हम ऐसा देख चुके हैं।

ऐसे में चरणबद्ध तरीके से बदलाव लाना बहुत आवश्यक है। हमें ढेर सारी योजनाओं के स्थान पर एक बेहतर और आम नीतिगत ढांचा तैयार करना होगा। यह बदलाव लंबी अवधि के दौरान जीडीपी की उच्च वृद्धि दर हासिल करने में मददगार साबित होगा।

(लेखक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, दिल्ली केंद्र में अतिथि प्राध्यापक हैं)

## खास बात

# योग

- डॉ परिणीता सिंह

**योग** का असर संपूर्ण शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक स्तर पर पड़ता है।

षट् क्रिया हो या फिर जप ध्यान। हर पद्धति द्वारा इस वैश्विक महामारी से अपना बचाव किया जा सकता है । इस वैश्विक महामारी के समय दो मुख्य यौगिक क्रियाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। **आसन और प्राणायाम ।**

इन दोनों क्रियाओं को हर व्यक्ति आसानी से कर सकता है।

आसन और प्राणायाम द्वारा शरीर का प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

मन भी प्रसन्न चित्त रहता है, जिस कारण पूरे दिन उत्साह बना रहता है जो स्वयं को प्रेरणा के अलावा दूसरे दूसरों को भी प्रेरित कर सकता है।

कुछ आसन द्वारा हमारे मेरुदंड एवं छाती प्रदेश को विकसित एवं मजबूत किया जा सकता है।

जैसे भुजंगासन, धनुरासन, पृष्टासन, पश्चिमोत्तानासन, पादहस्तासन एवं मेरू वक्रासन।

इन सभी अभ्यासों को श्वास के साथ करना चाहिए।

सूर्य नमस्कार जैसे अभ्यास को भी श्वास एवं मंत्र के साथ करना चाहिए।

प्राणायाम मे भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी का अभ्यास करना चाहिए ।

यह तीनों प्राणायाम वक्ष प्रदेश, नाड़ी संस्थान एवं मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है।

भस्त्रिका द्वारा शरीर में गर्मी उत्पन्न कर शुद्धीकरण की क्रिया संपन्न होती है । साथ ही फेफड़ों को अधिक क्रियाशील बनाया जा सकता हैं ।

नाड़ी शोधन द्वारा समस्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन को पहुंचाया जा सकता है।

भ्रामरी मन को स्थिर शांत करता है, जिससे संकल्प शक्ति को में बढ़ोतरी होती है ।

अभ्यास का अंत हमेशा ओम उच्चारण से करना चाहिए जिसका प्रभाव आसपास के वातावरण के साथ हमारे आंतरिक वातावरण पर भी पड़ता है ।

गेस्ट फैकल्टी : स्कूल ऑफ योग, रांची यूनिवर्सिटी, रांची

वाइस प्रेसिडेंट : इंडियन योग एसोसिएशन

डायरेक्टर : डिवाइन योगा अकेडमी

# अभिषेक का महत्व

## विचार-प्रवाह

सुभाष काक

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वस्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है। वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया। तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं। शुरू करते हैं वैदिक अग्नि और अभिषेक समारोह से।

**तानाशाह** की असली 'सूरत एक बार फिर देश के सामने है! जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की

– राहुल गांधी, कांग्रेस

## आपके ट्वीट

आप सभी को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं। जल, जंगल व जमीन की रक्षा तथा पहाड़ों एवं वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा है, और आज इसी परम्परा को कायम रखने के संकल्प लेने का दिन है। –चंपई सोरेन





कांग्रेस माओवादी नीति को भारत में लागू करके देशवासियों की संपत्ति के साथ ही हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर भी पंजा मारना चाहती है।

– नरेन्द्र मोदी

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

## चुनाव 2024

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं।

अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### परेशानी का सबब

**किसानों** ने अपनी मांगों के चलते एक बार फिर ट्रेन पटरियां रोक रखी हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। रेल ट्रैक जाम होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। वहीं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को यह बात समझनी चाहिए कि आंदोलन के चलते लोगों को परेशानी में डालना उचित नहीं है।

– श्री प्रकाश वर्मा, रातू

### जीवन से खिलवाड़

**दवाइयां** मरीजों की प्राण रक्षा के लिए बनती हैं। मगर आज मरीज नकली और अमानक दवाओं के मकड़जाल के बाजार में उलझा हुआ है। हिमाचल के दवा उद्योगों में बनी 20 दवाओं में कमियां पाई गई हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रक संगठन द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट में देशभर के विभिन्न राज्यों में 59 दवाओं को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है।

–अमृतलाल सिंह, रांची

# जहां 108 भवनों में विराज रहे अलौकिक आराध्य देव

प्रशांत झा

## पर्यटन

### लिंगराज मंदिर

हरी-भरी वादियों, नीली पहाड़ियों, घने जंगलों, स्वर्णिम समुद्री तटों एवं सुंदर झीलों से युक्त बंगाल की खाड़ी में स्थित उड़ीसा पूर्वी भारत का एक अनमोल रत्न कहलाता है। उड़ीसा में भुवनेश्वर, पुरी, कटक, कोर्णाक अपने अद्वितीय मंदिरों, समुद्र तटों, उत्कृष्ट स्थापत्य व मूर्ति कला एवं धार्मिक स्थलों के लिए विश्व विख्यात हैं।

### प्राचीन इतिहास

उड़ीसा ही वह प्रदेश है जो प्राचीन काल में कलिंग देश के नाम से जाना जाता था। ईसा पूर्व चौथी-पांचवीं शताब?दी में ही इस क्षेत्र में समुद्री बंदरगाह विकसित हो गए थे। कलिंग प्राचीन इतिहास में चौथी शताब्दी से प्रसिद्ध हुआ, जब मगध में (पटना के समीप) नंद वंशीय राजा का शासन था। ईसा पूर्व 261 के आस-पास मौर्य वंशीय सम्राट अशोक ने कलिंग पर चढ़ाई कर दी थी, और कलिंग प्रदेश को जीत लिया था। लेकिन कलिंग युद्ध में हजारों सैनिकों के हताहत होने से धरती लाल हो गई थी। इससे आहत होकर सम्राट अशोक ने सदा के लिए युद्ध को त्याग दिया था, और बौद्ध धर्म को अपना लिया था।

आज का भुवनेश्वर कलिंग की राजधानी अथवा कलिंग युद्ध क्षेत्र से केवल कुछ ही किलोमीटर के फासले पर स्थित है। कहते हैं, यह वही स्थान है जहां कलिंग का युद्ध हुआ था। यह स?थान भुवनेश्वर-पुरी सड़क पर दायीं ओर पहाड़ी जैसी जगह पर स्थित है। इसके पास से ही एक धीमी गति से प्रवाहित नदी है, जिसे दया नदी के नाम से जाना जाता है। ऊपर मंदिर तक जाने के लिए अलग रास्ता है। रास्ते के चारों ओर काजू के हरे-भरे बाग हैं। काजू के ये हरे-भरे बाग सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### लिंगराज मंदिर

भुवनेश्वर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए विख्यात है। भुवनेश्वर में लिंगराज का मंदिर सबसे बड़ा और भ०?य है। लिंगराज मंदिर को केसरी वंशीय राजाओं ने 11वीं शताब?दी में बनाया था। भुवनेश?वर में स्थित अन्य सभी मंदिरों में से, लिंगराज का मंदिर सबसे विशाल एवं आकर्षक है। मंदिर के शिखर कलश से लहराता केसरिया त्रिकोणीय ध्वज दूर से ही नजर आता है। यहां दसवीं-ग्यारहवीं शताब?दी में निर्मित अन्य मंदिरों में मुक्तेश्वर, राजा-रानी, परशुराम आदि के मंदिर सुप्रसिद्ध हैं। उड़ीसा को पूर्व का रत्न कहलाने का प्रमुख कारण इसके ऐतिहासिक नगरों भुवनेश्वर, पुरी, कटक आदि हैं। इन जिलों में जितने देव मंदिर, देवी-देवताओं के पूजा स?थल हैं, उतना पूर्वी भारत में संभवतः और कहीं नहीं हैं।

### महाप्रसाद

लिंगराज मंदिर चारों ओर से किलेनुमा ऊंची दीवारों के भीतर, एक अलौकिक रूप-छटा लिए विद्यमान है। मंदिर की भव्यता कई शताब्दियों पूर्व भारत में मंदिर निर्माण कौशल को सहज ही दशार्ता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का विशाल शिवलिंग स्थापित है। यहां प्रतिदिन तीन समय- प्रातः, दोपहर एवं सायंकाल में पूजा-अर्चना की जाती है, और सभी समय भगवान को भोग लगाया जाता है। मिट्टी के एक ही आकार वाले हांडों में प्रसाद के लिए भात-दालमा आदि पकाया जाता है। श्रद्धालुओं, भक्तजनों को इन्हें प्रसाद के रूप में दिया जाता है। ऐसे प्रसाद को महाप्रसाद कहा जाता है। महाप्रसाद यहां का एक विशिष?ट भोजन एवं प्रसाद है।

### वास्तुकला निर्माण

लिंगराज मंदिर हिन्दू वास्तुकला निर्माण का एक अद्भुत उदाहरण है। मंदिर की बाहरी दीवारों में पत्थरों को तराश कर बनाई गई विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां एवं मूर्तियां हैं। जीवन के सत्य को दशार्ती मंदिर की भित्ति पत्थरों पर नारी के विभिन्न रूप उकेरे गए हैं। ये आकृतियां विभिन्न मुद्राओं तथा भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में हैं। कहीं दिगंबर अवस्था में जीवन का सच दशार्या गया है। स्त्री-पुरुष की आकृतियों के अतिरिक्त, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों के चित्र भी अत्यंत सूक्ष्मता से उकेरे गए हैं। पशुओं में सिंहों की संख्या सर्वाधिक है। मंदिर के प्रवेश द्वार शिखर के स्तूपों तथा खम्भों में सिंहों की आकृतियां-मूर्तियां हैं।

स्पीड न्यूज

## शादी की शहनाइयों की गूंज पल भर में मातम में बदली



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी गांव में रविवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। शादी की शहनाइयों की मीठी धुन पल पर में चीखों और मातम में तब्दील हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, वह दूल्हा बनकर गाजे बाजे के साथ अपनी दुल्हन को लाने बारात लेकर निकलने की तैयारी में था, बारात का हिस्सा सैकड़ों लोग थे। साथ ही दर्जनों लोग बारात देखने सड़क पर खड़े थे। इसी बीच बारातियों की गाड़ी में से एक आल्टो वाहन संख्या डब्लू बी 02 एके 3155 अनियंत्रित हो गई और अपने चपेट में 3 वर्षीय बालक शानवी कुमार पिता शंकर रविदास, राधिका देवी पति शंकर रविदास, मंजू कुमारी, सुम देवी, सुरेश रविदास, कुलेशर रविदास, मधु देवी, मंजू देवी सहित 12 लोगों को अपने चपेट में ले दिया। आनन फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां चिकित्सको ने शानवी कुमार को मृत घोषित कर दिया। कई लोगो को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और कई लोगो का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चल रहा है। बारात बरही से बरकट्ठा जाने वाली थी और यह घटना करीब साढ़े बारह बजे की है। घटना की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, दिनेश साव, मनोज रविदास सहित कई लोग अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और घायलों का बेहतर उपचार करवाने में सहयोग की।

## हजारीबाग जिले में 2100 स्थान में होगा हनुमान चालीसा पाठ : विश्व हिंदू परिषद

**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर ग्राम एवं नगर स्तर पर 2100 स्थानो में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो ऐसा आग्रह है। हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हो चुके हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है। श्री हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म ,समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित हेतु हम प्रार्थना करें, जिससे हमारा राष्ट्र सभी संकटों को मात कर बलशाली और वैभवशाली बने। अतः निवेदन है श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आप विशेष रूप से सहभागी बने। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग के जिला मंत्री ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## बीडीओ और मुखिया के बीच हुई तीखी नोकझोंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ के कक्ष मे बीडीओ और मुखियाओं के बीच 15 वी वित योजना की राशि का भुगतान नही करने को लेकर सोमवार को बेहद तीखी नोकझोंक हो गयी। इस बारे मे मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार देव ने बताया की हम सभी मुखिया बीडीओ मोहम्मद् हारून रसीद से मिलने उनके कक्ष मे गये और 15 वी वित योजना की राशि का भुगतान नही होने के बारे मे बीडीओ से बात करने गये। इसी दौरान बीडीओ अचानक से भड़क गये और मुखिया संघ के अध्यक्ष को तमीज से बात करने की नसीहत दिया। बीडीओ के इस तरह के ब्यवाहर से महिला मुखिया सहित अन्य सभी मुखिया काफी नाराज हो गये और दोनो तरफ से तीखी नोकझोंक होने लगी जिसकी आवाज प्रखंड मुख्यालय मे कार्यरत कर्मी और मौजूद लोगों ने सुना। इस मामले मे नोकझोंक होने के बाद सभी मुखिया बीडीओ कक्ष से बाहर आ गये। मुखिया संघ के लोगों का कहना था की पूर्व से स्वीकृत और काम किये गये योजना का बीडीओ भुगतान करने मे काफी दिनों से आनकानी कर रहे थे जिसके लेकर वे बात करने गये थे पर बीडीओ ने उनसे कहा की वे पिछले ग्यारह वर्ष से बीडीओ का पद पर विभिन्न प्रखंडो मे कार्य कर चुके है इसलिए उनपर अनावश्यक दबाब नही दे वे सब मिलकर उनका तबादला वे प्रखंड से बाहर जाने को तैयार है।इस बारे मे बीडीओ मुख्यालय के कर्मियों ने बताया की बीडीओ ने सभी कायायोजना के कागजात को दुरुस्त करने के बाद ही भुगतान करने का निर्देश दिया है और कागजात पूर्ण नही होने के कारण भुगतान मे बिलम्ब हो रहा है।

## महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 को

**रामगढ़।** मुक्तिधाम गांधी घाट पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 अप्रैल को सुबह 10:30 होगा। जिसके मुख्य अतिथि बिहार फाउंडरी कास्टिंग लिमिटेड के मालिक डॉ हरीकृष्ण बुधिया होंगे। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में इस महाकाल शिव योगी की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। संयोजक कमल बगड़िया ने बताया कि कार्यक्रम में कई लोग शामिल होंगे।

### युवक ने सोशल मीडिया पर किया आपत्तिजनक फोटो अपलोड

# नाबालिग युवती ने फंदे से झूलकर दे दी जान

### मामला ढौठवा पंचायत के गुरी गांव का

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** थाना क्षेत्र के गुरी गाव के कथित प्रेमी द्वारा गांव के ही एक नाबालिग युवती का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो अपलोड किए जाने से आहत होकर युवती ने घर मे ही फंदे से झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। प्रेम प्रसंग का यह मामला रविवार के शाम करीब सात बजे की है। अचानक हुई इस अनहोनी मामले को देख बदहवास परिजनों ने कटकमसांडी थाने को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थानाप्रभारी देवदत्त कुमार सिंह दल बल के साथ गुरी गांव घटनास्थल पर पहुंच फंदे से उतारकर शव को कब्जे मे लिया और रविवार को सुबह पोस्टमार्टम हेतु एसबीएमएच भेज दिया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि उमेश यादव के 16 वर्षीया पुत्री प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में नवीं की छात्रा थी। घटना के बाबत युवती के चाचा सिकंदर यादव ने बताया कि गांव के ही सुरेश महतो के 30 वर्षीय मंझला पुत्र अजीत कुमार महतो ने गत 09 अप्रैल 2024 को मेरी भतीजी को बहला फुसलाकर गुजरात भगा ले गया था। इस सम्बन्ध मे युवक के खिलाफ थाने मे आवेदन भी दिया गया। थाने के दबाव के बाद युवक के परिजनों युवती के परिजनो के साथ जाकर गुजरात से युवक युवती को पकड़कर गांव लाया गया। युवती को समझा बुझाकर घर लाया गया। परिजनों ने युवक युवती को थाने को सुपुर्द करने के लिए ढौठवा पंचायत के मुखिया जयप्रकाश केसरी से सम्पर्क किया। मगर युवती के परिजनो ने बताया कि मुखिया टाल मटोल करता रहा। परिजनो का यह कहना है कि समय पर युवक युवती को थाने ले जाते तो शायद यह घटना नही होती।



इसी बीच युवक ने युवती के आपत्तिजनक तस्वीर को सोशल मीडिया पर डालकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। गांव के युवकों के मोबाइल पर आपत्तिजनक पोस्ट की खबर सुनकर युवती ने रविवार के शाम करीब सात बजे अपने ही कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अजीत कुमार महतो उदंड प्रवृति का युवक है। वह आपराधिक किस्म का युवक है। युवक के बड़े भाई, जिसकी उम्र करीब 36 वर्ष है, वह भी अविवाहित है। युवक अजीत कुमार महतो प्रेम जाल में फंसाकर युवती से शादी करना चाहता था। मगर विजातीय होने के कारण समाज इसकी इजाजत नही दी। नाराज युवक ने युवती को बदनाम करने के लिए अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया, जिसका साथ गांव के कुछ युवकों ने भी देना शुरू कर दिया। दूसरी ओर बदनामी से आहत होकर युवती को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। परिजनों व ग्रामीणों ने युवती के मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए आरोपित युवक को पुलिस प्रशासन से फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। बहरहाल, नाबालिग युवती के असामयिक मौत को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## हथियार दिखाकर अज्ञात अपराधियों ने 15 लाख का जेवर समेत 50 नगद लुटा



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपू गठा स्थित सोनी अलंकार ज्वेलर्स से बीती रात अज्ञात अपराधियों ने 15 लाख का जेवर एवं 50 हजार नगद लूटने का मामला प्रकाश में आया है। ज्वेलर यह जेवर विकास नगर निवासी जितेंद्र सोनी का है। इस संबंध में जेवर दुकान के संचालक जितेंद्र ने बताया कि रविवार रात 9:00 बजे दुकान बंद कर बेटा अंकित सोनी के साथ घर जा रहे थे और दुकान से थैली में जेवर और नगद घर ले जा रहे थे। दुकान बंद कर ५० कदम गए थे कि अपाचे मोटरसाइकिल से तीन अज्ञात अपराधी हथियार दिखाकर लूट लिया । तीनों अपराधी हथियार से लेस थे।

मोटरसाइकिल के पीछे पुलिस का लोगो भी लगा हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि 2018 में भी अज्ञात अपराधी हथियार के साथ दुकान में दिन मैं घुस गए थे और करोड़ों रुपया का सामान लूट लिए थे जिसकी शिकायत थाना में की गई लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुआ । दुकान संचालक ने यह भी कहा कि हमारे दुकान में दो बार घटना घट चुकी है इसके बावजूद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में असफल दिख रही है। यहां तक की रात की हुई घटना में पुलिस कार्रवाई नहीं कर बल्कि उल्टा डांट फटकार लगा रही है। वह कहती है कि 15 लाख का सामान और नगद लेकर कहां जा रहे थे ।दुकान पर भी सवाल उठा रहे हैं वह मुजरिम के जैसा व्यवहार करते हैं। ऐसे में हम व्यवसाईयों को काफी परेशानी हो रही है जबकि दुकान में तिरपाल गिरी दरवाजा के अलावे कई सुरक्षा का इंतजाम भी किया जा चुका है। उन्होंने पेट्रोलिग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस गश्ती कमजोर हो चुकी है ऐसे में आम लोगों एवं व्यवसाय की सुरक्षा कैसे हो पाएगा । कई लोगों ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग ना करके बल्कि साइड में पुलिस जीप लगाकर वह मोबाइल पर गेम खेलती है। ऐसे में आम जनता की सुरक्षा कैसे हो पाएगा पूर्व में भी कली बड़ी मंदिर स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर लाखों का सामान लूट ले गए थे यहां तक अपराधी दुकान में घुसकर फायरिंग भी किया था । ऐसे में हम व्यवसाय को व्यापार करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## भागवत कथा में उमड़ी भीड़, भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन सोमवार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मटकोर, शिव-पार्वती विवाह आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश और पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी।

## प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ एवं राम कथा को लेकर कलश यात्रा

**कुजू।** श्री श्री 1008 पंच दिवसीय महालक्ष्मी नारायण यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा के आयोजन को लेकर अंबाटांड सांडी में सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के दौरान 251 श्रद्धालु गाजे - बाजे के साथ प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, उपाचार्य राकेश पांडेय, विनोद पांडेय, सूरज पांडेय, नीरज मिश्रा ने यजमान बने रामचंद्र प्रजापति, केदार प्रजापति, दिलेश्वर प्रजापति, संजय कुमार, शंकर प्रजापति, जानकी राणा, विनोद प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, इन्दर प्रजापति सपत्निक के हांथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया।

एक नजर में

## नहीं रहे होक्सा के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको, शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग ओल्ड जेवेरियन एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको (66 वर्ष) नहीं रहे। उन्होंने सोमवार को कनहरी मार्ग स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका निधन हृदयाघात से होने की बात कही जा रही है। वह संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग में 1974 बैच के विद्यार्थी थे और वर्ष 2012 से होक्सा के अध्यक्ष थे। परिवार में उनकी पत्नी नीलिमा वर्मा, बेटा किंजल वर्मा और बेटी इस्पिता वर्मा समेत भरा-पूरा परिवार है। उनका जन्म 21 मार्च 1958 को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। अध्यक्ष के निधन की खबर सुनकर होक्सा समेत अन्य लोगों में शोक की लहर छा गई। होक्सा के मीडिया प्रभारी विजय जैन ने कहा कि यह होक्सा के लिए बड़ी क्षति है। अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको काफी लोकप्रिय, मृदुभाषी और सहयोगी व्यक्ति थे। उनके निधन की भरपाई संभव नहीं है।

## मैट्रिक बोर्ड : उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



### बोर्ड परीक्षा में प्रियंका रही प्रखंड की सेकंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सत-प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है।बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 131 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थी ने सफलता प्राप्त किया।

वही प्रथम श्रेणी से 115 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी से 15 विद्यार्थी व तृतीय श्रेणी से 1बच्चे ने सफलता प्राप्त की।वही सात बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है जिसमें प्रियंका कुमारी 95% अंक लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।वही मोहम्मद नुमन 94.6%, राजन कुमारी 93.6% छाया कुमारी, 93.4% रवीना कुमारी, 91.8% बादल कुमार 91. 2%, राहुल कुमार 91% अंक लाकर सफलता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं के सत प्रतिशत सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है वही अध्यनरत बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही है। बच्चों की सफलता पर बधाई देने वालों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार, सहायक शिक्षक कुमार सुनील, आशीष कुमार, प्रकाश आनंद, रामप्रवेश साव, संजय राम, कंप्यूटर शिक्षक सुनील कुमार सहित विद्यालय परिवार शामिल हैं।

## श्री अग्रसेन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मना अर्थ डे

### पेंटिंग, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को अर्थ डे के अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कक्षाओं से करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए। बच्चों ने अर्थ डे से संबंधित पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर, कविता के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। पृथ्वी के नष्ट होने के कारणों एवं उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। बच्चों व शिक्षकों ने धरती को नष्ट होने से बचाने का संकल्प दोहराया। अर्थ डे मनाने के इतिहास और पृथ्वी से जुड़े रोचक तथ्यों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए मनुष्य प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की शिकार हो रही है। पृथ्वी हमारा घर है। हमारी जिम्मेवारी है कि हम इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। पर्यावरण क्षरण से मानव स्वास्थ्य, वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन से हम लोगों के बीच इस गंभीर मुद्दे पर जागरूकता फैलाकर हालात को सुधारने में सहयोग कर सकते हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आज धरती व प्रकृति पर अत्याचार काफी बढ़ गया है, जो पूरी दुनिया के लिए कहीं से भी अच्छा नहीं है। दोहन के कारण जलस्रोत समाप्त हो रहे हैं। पेड़-पौधों को काटे जाने से धरती बंजर बनती जा रही है। हवा जहरीली हो गयी है। यह बात अब हमें पूरी गंभीरता से सोचनी होगी कि हम अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए कैसी धरती छोड़ना चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे



अपनी बेहतरिन पेंटिंग को दिखाते बच्चे

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण व वन उत्सव मनाने की जरूरत : बिजयंत




प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित बच्चों के बीच ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस पर आयोजित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ शामिल होकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में वर्तमान समय में होने वाले जलवायु समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक परीक्षणों और दुनिया में होने वाले परिवर्तनों को भी उन्होंने विस्तार तरीके से सबों के समक्ष रखा। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार कहा कि आज प्रकृति विभिन्न प्रकार के जलवायु संकटों से जूझ रही है। इन समस्याओं और संकटों से बचने के लिए हमें पौधारोपण और वन उत्सव को मनाने की आवश्यकता है। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विभिन्न संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए।

## बाईक पोल से टकराई, दो घायल, रिम्स रेफर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाईक सवार दो युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों का बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा पावर हाउस निवासी 42 वर्षीय राजकुमार भुंइया व सौंदा निवासी 17 वर्षीय कृष्ण कुमार लोहार बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर तेज गति से जा रहे थें। इसी बीच नलकारी पुल के निकट सौंदा डी के हुसैनीनगर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये। घटना में राजकुमार भुंइया के सर में काफी गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों व एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया।

## सांसद प्रत्याशी की पत्नी ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

**कुजू।** मांडू विधायक और हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने सोमवार को करमा उच्च विद्यालय करमा की छात्रा प्रीति कुमारी का मैट्रिक की परीक्षा में 482 ( 96.4%) अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त पर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने भेंट स्वरुप उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ उन्होंने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की प्रीति ने बेहतर परिणाम लाकर गांव ही नहीं बल्कि पुरे जिले का मान बढ़ाने का काम किया है।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के संग दवा खाकर किया। मौके पर डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि 1वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी,कुपोषण,मितली,उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चे बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियों होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। वही विद्यालय उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार, प्राचार्य कैलाश कुमार,उप प्राचार्य पूनम कुमारी, सहित दीदी सीसम देवी, अंबारी खातून सहित अन्य मौजूद थे।

## जैक बोर्ड परीक्षा में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की एकता बनी प्रखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया गया है, जिसमे बरही प्रखंड के बच्चो का रिजल्ट काफी अच्छा रहा है। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही की एकता कुमारी पिता अमरनाथ सिंह ग्राम डूमरडीह निवासी ने 93.4 प्रतिशत (467) अंक प्राप्त कर बरही प्रखंड की माध्यमिक परीक्षा 2024 की टॉपर रही। उक्त जानकारी विधालय के प्रधानाचार्य रवि कांत ओम ने देते हुए हर्ष जाहिर किया और कहा कि एकता कुमारी शुरू से मेहनती व परिश्रम करने वाली छात्रा है। उन्होंने उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

# सुरक्षाबलों के नक्सली एनकाउंटर पर सवाल उठाने के मायने

**रमेश शर्मा**

**सुरक्षाबलों** ने एनकाउंटर करके छत्तीसगढ़ में आतंक का पर्याय माने जाने वाले 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताया है । उनके बयान से यह बहस तेज हो गई है कि क्या कांग्रेस लोकसभा चुनाव में नक्सलियों का सद्भाव लेना चाहती है ? छत्तीसगढ़ देश का सर्वाधिक नक्सल प्रभावित प्रांत है । नक्सलियों का मुख्य केंद्र बस्तर है । इस संभाग में दो संसदीय क्षेत्र बस्तर और कांकेर आते हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल बस्तर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह चर्चा सदैव रही है कि बस्तर के अधिकांश क्षेत्र पर नक्सलियों का प्रभाव है । वे इस पूरे परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का लाभांश भी वसूलते हैं और मतदान को भी प्रभावित करते हैं । इस लोकसभा चुनाव में नक्सली कोई बड़ी वारदात करना चाहते थे । यह रणनीति बनाने के लिये नक्सली एकत्र हुये थे । पुलिस को सूचना मिली । सूचना इतनी सटीक निकली कि नक्सली घिर गये । एनकाउंटर हुआ । यह सुरक्षाबल के जवानों की रणनीति और घेराबंदी थी कि पांच-पांच लाख के इनामी दो टाप कमांडर सहित 29 नक्सली ढेर हो गये । नक्सलियों के विरुद्ध यह कार्रवाई पहली या अचानक नहीं है । छत्तीसगढ़ की वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार ने पद संभालते ही नक्सलियों के विरुद्ध अभियान छेड़ने की घोषणा की थी । उसी के अनुरूप इन चार महीने में छत्तीसगढ के विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों को घेरा गया। इन एनकाउंटर में अब तक कुल 79 नक्सली ढेर किये जा चुके हैं।



एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चला रही है तो दूसरी ओर नक्सली भी कम नहीं हैं। वे सरकार पर दबाव बनाने के लिये सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को निशाना बना रहे हैं। कांकेर और नारायणपुर सीमा पर हुए इस एनकाउंटर के दो दिन के भीतर ही नक्सलियों ने फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव में उप सरपंच पंचमदास की हत्या कर दी । पंचमदास भाजपा कार्यकर्ता थे और नक्सलियों को शक था कि पंचमदास की सूचना पर ही यह एनकाउंटर हुआ । नक्सलियों ने टारगेट किया और पुलिस की चौकसी के बीच भी उनकी हत्या कर दी । इससे पहले नक्सली छत्तीसगढ़ में भाजपा के आठ कार्यकताओं की हत्या कर चुके हैं । पंचमदास की हत्या नौंवी है । भाजपा कार्यकताओं के अतिरिक्त नक्सली अन्य निर्दोष नागरिकों को भी निशाना बनाते रहे हैं। पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर नक्सली पिछले तीन वर्षों में 40 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार चुके हैं । लेकिन इन निर्दोष नागरिकों के बलिदान की चर्चा नहीं होती । केवल श्रृद्धांजलि सभा, पीड़ित परिवारों को कुछ आर्थिक सहायता और मीडिया के एक दिवसीय समाचार तक ही सीमित रहती है ।

इस एनकाउंटर में भी सुरक्षाबलों की सटीक रणनीति और बलिदान पर विपक्ष की ओर से प्रशंसा का कोई शब्द सामने नहीं आया । उलटे एनकाउंटर की वास्तविकता पर प्रश्न उठाकर सुरक्षाबलों के अभियान पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया जा रहा है । कांग्रेस नेता बघेल इस एनकाउंटर को फर्जी होने की आशंका व्यक्त करने तक ही न रुके । उन्होंने यहां तक कहा कि फर्जी एनकाउंटर करना भाजपा की आदत है । उन्होंने बहुत खुलकर कहा कि ₹भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में फर्जी एनकाउंटर होता रहा है, अब फिर से चार महीने में फर्जी एनकाउंटर बढ़े हैं और आदिवासियों को नक्सली बताकर गिरफ्तार किया जा रहा है । पुलिस आदिवासियों को डरा धमका रही है कि किसी भी केस में फंसाकर गिरफ्तार कर लेंगे । ऐसे एनकाउंटरों और ऐसी बातों से आदिवासियों को डराया धमकाया जा रहा है । यद्यपि भूपेश बघेल ने नक्सलियों के समर्थन में दोटूक कोई बात न कही लेकिन जिस प्रकार से एनकाउंटर को फर्जी बताकर सामान्य आदिवासी के मन में सुरक्षाबलों के प्रति दूरी बनाने का प्रयास किया इससे नक्सली तत्वों को ही बल मिलेगा । भूपेश बघेल का सुरक्षाबलों की कार्रवाई पर राजनीतिक हमला करने का कारण यह है कि वह बस्तर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में सक्रिय ईसाई मिशनरीज का उन्हें समर्थन हैं । वे नक्सली समूहों की सहानुभूति भी लेना चाहते हैं। नक्सली गतिविधि केवल सघन वनक्षेत्र में ही नहीं है। नगरों में भी है । सघन वनक्षेत्र में तो वे सशस्त्र घूमते हैं और उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में कोई गतिविधि उनकी अनुकूलता के बिना संभव नहीं हो सकती । सुरक्षाबलों की कार्रवाई को प्रश्नों के घेरे में खड़ा करके भूपेश बघेल अपनी राह आसान बनाना चाहते हैं। संभवतः बस्तर में अपने पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उन्हें यह एक सरल उपाय लगा होगा । नक्सलियों के प्रति उनका यह भाव नया भी नहीं है । जब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे तब नक्सलियों पर कार्रवाई इतनी आक्रामक नहीं होती थी जितनी अब हो रही है। बघेल ने अपने वक्तव्य में नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षाबलों की कार्रवाई को सुरक्षात्मक करने का तो प्रयास किया ही है । साथ भाजपा पर राजनीतिक हमला भी बोला है ।

भारत में कुछ राजनीतिक दलों की राजनीति में राष्ट्र पीछे छूट गया और केवल सत्ता प्राप्ति उद्देश्य रह गया है । इसलिए वे स्वायत्त संस्थाओं और सुरक्षाबलों पर भी राजनीतिक हमला करते हैं और उनकी कार्रवाई को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास करते हैं। सीमाओं की सुरक्षा कर रहे सैनिकों से लेकर नक्सली एनकाउंटर में जान की बाजी लगाने बाले सुरक्षाबलों की कार्रवाई पर भी प्रश्न उठाना इनका शगल बन चुका है। यह बात सर्वविदित है कि एनकाउंटर कोई राजनीतिक दल नहीं करते, सुरक्षाबल करते हैं। हां राजनीतिक दलों के नेतृत्व में काम करने वाली सरकारें सुरक्षाबलों को काम करने का वातावरण अवश्य देती हैं । जैसे एक समय कांग्रेस के नेतृत्व में काम करने वाली केन्द्र सरकार ने कश्मीर के सुरक्षा बलों को ₹संयम बरतने₹ का आदेश दिया था । ठीक उसी प्रकार जैसे चार महीने पहले तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षाबल नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई तो करते थे किंतु इतनी आक्रामक नहीं, जितनी अब हो रही है ।

मोदी सरकार ने जैसा फ्री हैण्ड कश्मीर में सुरक्षाबलों को दिया । ठीक वैसा ही फ्री हैण्ड विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को दिया। इसकी झलक पिछले चार महीनों में हुए एनकाउंटर में देखी जा सकती है । ताजा एनकाउंटर की विशेषता यह है कि इसमें सुरक्षाबलों को सबसे कम और नक्सलियों का नुकसान सबसे अधिक हुआ । इस एनकाउंटर में 29 नक्सली तो मारे ही गए हैं इसके साथ बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार भी बरामद हुए । इतनी सटीक सूचना और रणनीति के लिए सुरक्षाबलों का अभिनंदन करने के बजाय उन पर सवाल उठाना शर्मनाक है। इससे पहले कई बार आतंकवादियों के मानवीय अधिकारों की बहस छेड़कर सुरक्षाबलों की कार्रवाई को कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है। ऐसी घटनाओं से स्वतंत्र भारत का इतिहास भरा है। बटाला हाउस एनकाउंटर के बाद तो यह तक कहा गया था कि सोनिया गांधी को आंसू आ गए थे । कुख्यात आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी रुकवाने के लिए आधी रात को अदालत का दरवाजा खटखटाया गया । पुलवामा अटैक पर राजनीति की गई। बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए गए । माफिया डान मुख्तार अंसारी की मौत पर उसे महान बताने वाले कुछ राजनीतिक दलों की संख्या भी कम नहीं है । (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# उमंग का असर अब दिखने लगा है, लोग आगे आ रहें हैं



## केस स्टेडी 3

अब गांव वाले व परिवार वाले भी पढ़वाते है चिट्ठी और भरवाते है हमसे आवेदन

मिहिजाम से 35-40 किलोमीटर दूर है पाकुड़िया गांव, जो नाला प्रखंड के अंतर्गत आता हैं। इसी प्रखंड-गांव की 20-25 किशोरियां उमंग परियोजना से जुड़ी थी। इसमें पम्पा मंडल, सुजाता मंडल, पूनम पॉल और शिल्पी मंडल है। ये अपने अनुभव साझा की। जिन्होंने बताया कि उमंग से जुड़ने के बाद अब बाल विवाह जैसे मुद्दों पर परिवार में खुद बोलने लगी। उमंग की टीम ने भी सहयोग किया और परिवार वालों को समझाने में मददगार साबित हुए। इससे हमें आगे पढ़ने और बढ़ने का मौका मिला। अब इंटर की परीक्षा लिख लिए है, भविष्य में नौकरी करने की इच्छा है। उमंग से यह प्रभाव हुआ कि पहले खेलने, घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता था, अब इन सारी मुसीबतों से कुछ हद तक समाधान हो गया। अपने जीवन व कार्य के लिए खुद निर्णय लेने का गुण उमंग के कार्यक्रम से सीखने मिला। बदलाव ऐसा आया कि जो लोग जल्द विवाह के लिए रिश्तें लगाते थे, अब वे आगे पढ़ाने के लिए राजी हो गए है। साथ ही गांव के लोग अब हमलोग के पास चिट्ठी पढ़वाने व कई तरह सरकारी योजनाओं के आवेदन तक भरवाने के लिए आने लगे हैं। भविष्य में शिक्षक या नर्सिंग लाइन में जाने की इच्छा है ताकि अपने पैरों में खड़ा हो सके।

जामताड़ा में 22 पंचायतों में काम किए। 151 से ज्यादा जगहों में गए और नाला प्रखंड के 30 गांव में उमंग को लेकर काम किए। जिसमें सामूहिक शिक्षा, कार्यक्रम किशोरियों के लिए की जाती थी। इसमें एक विषय था कि महावारी । महावारी से जुड़े हुए मिथक को गांव से दूर करने का कार्य किए। ज्यादातर मामलों में पीरियड के दौरान चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किए। पूर्व में किशोरी पेन क्लिर झोलाछाप डॉक्टरों से लेती थी। इससे उनहें शारीरिक नुकसान भी होता था। सलाह के बाद वे सही रूप से संबंधी डॉक्टरी सलाह लेने लगी। जागरूकता के आने पर कई किशोरियों ने बताया कि स्कूल से लौटने पर लड़के टिप्पणी करते है। जिन्हें जागरूक किए कि छोटे अपराध से ही रोकथाम करे या आवाज उठाएं।

**- प्रिया पंडित, मंथन कार्यक्रम की फिल्ड फेसिलेटर सह उमंग की पूर्व फेसिलेटर।**

गोराईनाला जो मेरा गांव है, वहां उमंग से जुड़े नुक्कड़ नाटकों में शामिल होते थे। जिसके माध्यम से लोगों व किशोरियों व किशोरों को जागरूक किया जाता था। बच्चियों के ड्रॉप आउट होने के कारणों को समझे, अभिभावकों को समझाने का कार्य किए। समाज में धारणा थी कि बच्चियां पढ़ाई करके क्या करेंगी। लोगों को समझाएं कि बच्चियों पढ़ाने से आने वाली पीढ़ी और दो परिवार को फायदा मिलता है। साथ ही बाल विवाह के रोकथाम में सहायक सिद्ध होता हैं।

**- अरविंद मजूमदार, मंथन परियोजना यूथ चैम्पियन।**

पहले हमें समझाया गया। उसके बाद मैंने अपने भाई बहनों को समझाएं। इसके बाद दूसरी लड़कियों को उमंग के बारे बताए। इसमें उन्हें बताएं कि शोषण-उत्पीड़न कई प्रकार होते है। साथ ही सामूहिक स्थानों में किशोरियों-बच्चियों से पढ़ाई के बारे चर्चा करते थे। उमंग में जुड़ी किशोरियों को शोषण के प्रकारों के बारे में पता चला।

**- गोविंद पंडित, यूथ विलेज चैम्पियन**

# उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची में एडमिशन फार्म उपलब्ध

जैक दसवीं का परिणाम 19 अप्रैल को प्रकाशित कर दिया गया है। उर्सुलाइन इंटर कॉलेज कामिल बुल्के पथ रांची में विज्ञान, कला और वाणिज्य में एडमिशन के लिये फार्म उपलब्ध है।

फार्म का मूल्य 300 रुपये है जो स्कूल के काउंटर से सुबह नौ बजे से तीन बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

सीबीएसई और आइसीएसई दसवीं बोर्ड के परिणाम आने तक एडमिशन फार्म मिलना जारी रहेगा।

जैक के आदेशानुसार सत्र 2024-26 में नामांकन हेतू कॉलेज में विज्ञान, कला और वाणिज्य के 384-384 सीट उपलब्ध है। विगत शैक्षणिक सत्र में 384 के अतिरिक्त पांच यूनिट यानी 640और कुल 1024 तीनों संकाय में सीट उपलब्ध थी।

अभी जैक के सभी स्थायी मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज के तीन संकाय में 384-384 सीटें स्वीकृत है।

नामांकन पूरी तरह मेरिट के अधार पर होगा।

एडमिशन फार्म प्राप्त कर लेना एडमिशन की गांरटी नहीं है।



स्पष्ट है कि प्रति संकाय मात्र 384 सीट ही स्वीकृत है।

यदि जैक के नियमों में किस ी प्रकार का संशोधन किया जाता है और सीट की संख्या में वद्धि की अनुमति दी जाती है तो निकट भविष्य में छात्रगण अपनी एडमिशन को लेकर सजग रहें।

सूचनाएं उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची के अधिकृत वेबसाइट, कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी। संभव है ऑनलाइन भी सूचना भेजी जा सकती है।

**अतिआवश्यक सूचना**

जैक के आदेश के आलोक में सीट में भारी कटौती की गयी है। अगर उक्त आदेश में कोई संसोधन होता है और स्थिति पहले जैसी एडमिशन की बने तो एडमिशन लिया जाएगा। साथ ही साथ शुल्क भी यथावत रहेगा।

लेकिन सीट की उपलब्धता अगर तीनों संकाय में 384-384 ही रहेगी तो शैक्षणिक शुल्क में वृद्धि भी की जा सकती है। परिवर्तन किया जा सकता है।

संत अन्ना इंटर कॉलेज रांची का भी फार्म कार्यालय अवधि में उपलब्ध है। फार्म तीनों संकाय कला, विज्ञान और वाणिज्य के लिये उपलब्ध है।

फार्म की कीमत पांच सौ रुपये है जो कॉलेज के काउंटर पर ही उपलब्ध है।

इस सत्र में राज्य के टॉपर इंटर कॉलेज विशेषकर लड़कियों के कॉलेज सहित सभी कॉलेज के सीट कम कर दिये जाने से आम लोगों में आक्रोस है। इन टॉपर स्कूलों में राष्टीय स्तर पर सफलता पाने वाले छात्रों के लिये अवसर तैयार किये जाते थे। सीट कम किये जाने से छात्र-छात्राओं में विशेष रोष है।

# भ्रष्टाचार: भारत की प्रगति में बड़ा बाधक




वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल के नवीनतम भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) से पता चलता है कि 2023 में देश में सरकारी क्षेत्र का भ्रष्टाचार एक मुद्दा रहा। वर्ष 2022 में जहां देश को 180 देशों में 85वां स्थान मिला था, वहीं इस वर्ष वह फिसलकर 93वें स्थान पर चला गया है।

यह रैंकिंग सापेक्ष स्थिति दर्शाती है। देश का सीपीआई अंक 100 में 40 से घटकर 100 में 39 रह गया है। ज्यादा अंक बेहतर स्थिति को दशार्ता है।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल की टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि इस मामूली बदलाव से कोई अहम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। रिपोर्ट में दूरसंचार कानून के पारित होने को खतरे का संभावित संकेत माना है जिसके जरिये राज्य की निगरानी शक्तियों का विस्तार हुआ है।

परंतु दीर्घावधि में भारत के सीपीआई अंक और रैंकिंग पर गौर करने से संकेत निकलता है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा जिन्न है जिससे भारत को अभी निर्णायक लड़ाई जीतनी है।

वर्ष 2012 से ही भारत का सीपीआई परिणाम 30-40 के इर्दगिर्द रहा है। भारत ने 2018 और 2019 में दोनों साल 41 अंकों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह चीन के प्रदर्शन से बहुत अलग नहीं है जिसने ताजा सूचकांक में 100 में 42 अंक हासिल किए जबकि इससे पहले उसे 45 अंक मिले थे। रैंकिंग के नजरिये से भी देखें तो भारत 70-75 से 80-85 के दरमियान रहा है। 2015 में हमें 76वीं रैंक मिली थी जो एक वर्ष पहले के 85वें स्थान से बेहतर थी।

निश्चित तौर पर इन नतीजों के अंतर पर प्रश्नचिह्न लग सकता है क्योंकि ये कारोबारियों और विशेषज्ञों की धारणा पर आधारित हैं। सीपीआई स्कोर को किसी देश की रैंकिंग की तुलना में अधिक परिणाम दशार्ने वाला माना जाता है और इसे विश्व बैंक तथा विश्व आर्थिक मंच समेत कई संस्थानों के 13 अलग-अलग भ्रष्टाचार आकलनों से निकाले गए तीन डेटा स्रोतों से निकाला जाता है।

भारत को कजाकस्तान और लसूटू के साथ साझा रैंकिंग दी गई है और इसलिए इस पर पर थोड़ा सतर्क निगाह डालने की आवश्यकता है। सीपीआई में रिश्वत, अधिकारियों द्वारा अपने पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए करने, अत्यधिक लालफीताशाही, सरकार की सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने की काबिलियत आदि जैसे मानक शामिल होते हैं।

इसमें कुछ बातों को शामिल नहीं किया जाता है मसलन नागरिकों के भ्रष्टाचार से जुड़े प्रत्यक्ष अनुभव, धन शोधन, कर संबंधी धोखाधड़ी, अवैध वित्तीय आवक या असंगठित अर्थव्यवस्था और बाजार। ऐसा इसलिए कि इन सभी की निगरानी कर पाना मुश्किल होता है। चूंकि ये सभी तत्त्व भारत समेत विकासशील देशों में आम हैं, इसलिए संभव है कि सीपीआई इन देशों में भ्रष्टाचार की पक्षपाती तस्वीर पेश करे।

2016 के बाद से सीपीआई स्कोर के मामले में भारत 40 की ऊंचाई तक पहुंच गया। यह सार्वजनिक संपत्ति वितरण नीति में विवेकाधीन लाइसेंसिंग से नीलामी का प्रारूप अपनाने के कारण भी हो सकता है। विवेकाधीन लाइसेंसिंग दूरसंचार और कोयला घोटालों का स्रोत बनी थी जिसके कारण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का पतन हुआ था।

वस्तु एवं सेवा कर तथा ऋणशोधन कानून जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं की बदौलत सार्वजनिक भ्रष्टाचार की संभावना कम हुई। परंतु अर्थव्यवस्था में सरकारी व्यय के आकार को देखते हुए तथा उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं के जरिये विनिर्माण निवेश जुटाने के प्रयासों के बीच असली बदलाव न्याय व्यवस्था में सुधार में निहित है। इस क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है।

त्वरित और मजबूत न्याय प्रक्रिया खुद बड़ा बदलाव ला सकती है। वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले। यहां एक अंक सबसे मजबूत कानून व्यवस्था को दशार्ता है। सीपीआई स्कोर तैयार करने में इस सूचकांक का भी इस्तेमाल किया जाता है।

# सेल्फ इम्प्रूवमेंट करें ताकि जमाने में फिट हों आप

**विवेक कुमार**

**द ब्यूटी पेजंट्स ग्रीनरूम** किताब की लेखिका रीता गंगवानी का मानना है, आज हर किसी के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट उनके कैरियर और जिंदगी, दोनों ही मोर्चों पर सक्सेस के लिए जरूरी है। एक दौर था जब पर्सनैलिटी डेवलपमेंट चुनिंदा सेलिब्रिटीज के लाइफस्टाइल का हिस्सा था। लेकिन अब हर किसी के लिए यह जरूरी हो गया है।ह्न दरअसल पर्सनैलिटी कई चीजों से मिलकर बना एक साझा प्रभाव है। मसलन फिजिकल अपीयरेंस, मेंटल स्ट्रोंगनेस, पॉजिटिव एटीट्यूड, सांस्कृतिक मेलजोल की समझ और स्प्रिचुएलिटी। आमतौर पर पर्सनैलिटी का मतलब दिखने से लगाया जाता है जबकि दिखने से ज्यादा यह प्रजेंटेशन का मामला है। अपने आपको सलीके से व्यक्त करना और अपनी मौजूदगी को आकर्षक बनाना ही पर्सनैलिटी इम्प्रूवमेंट है।

**कई पहलुओं से सजगता की जरूरत**

पर्सनैलिटी इम्प्रूवमेंट के लिए कई तरह की सजगता की जरूरत पड़ती है मसलन पर्सनल हाईजीन, जब आप साफ सुथरा रहते हैं और सलीके से कपड़े पहनते हैं तो यह आपकी पर्सनैलिटी को आकर्षक बनाता है। यही बात आपकी मानसिक मजबूती और परिपक्वता से भी पैदा होती है। जब आप किसी बात पर तार्किक, महत्वपूर्ण और सोचने लायक संदर्भ के साथ जुड़ी बात कहते हैं, तो लोग आप पर ध्यान देते हैं और आपकी पर्सनैलिटी कई लोगों के बीच अलग से चिन्हित करने वाली हो जाती है। सोशल होना भी आज पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का हिस्सा है। अलग-अलग मौकों पर अपने को सोसायटी के अनुरूप प्रस्तुत करना सिर्फ सजगता ही नहीं, जबरदस्त अनुशासन की भी मांग करता है।

**आध्यात्मिकता की ताकत :** जब आप अपनी बातचीत और व्यवहार में सभी सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आये लोगों के साथ बराबरी और दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो इससे भी आपके व्यक्तित्व में एक खास तरह का प्रभाव देखने को मिलता है। वहीं सबसे जरूरी है,आपके अंदर स्प्रिचुएलटी या आध्यात्मिकता का होना। दरअसल दुनिया में हमेशा कुछ ऐसे सवाल होते हैं जिनका जवाब किसी के पास नहीं होता। ऐसे समय पर यदि हमारे पास कोई आध्यात्मिक शक्ति नहीं होगी, तो हम हीनताबोध का शिकार हो जाएंगे। यह स्थिति हमें कई असफलताओं में डिप्रेशन से बचा लेती है।

**कैरियर से बढ़कर जिंदगी :** हाल के दशकों में युवतियों के लिए बिना कैरियर का मतलब हो गया है कि अपनी किसी तरह की पर्सनैलिटी का ही अहसास न होना। यह कैरियर को लेकर सजगता नहीं बल्कि हमारे सारे जीवन में कैरियर का हावी हो जाना है। आप वर्किंग वुमन हैं या हाउस वाइफ, इससे खास फर्क नहीं पड़ता है। जिंदगी जीने के लिए एक अच्छे कैरियर की जरूरत होती है, लेकिन एक अच्छा कैरियर खुद में जिंदगी नहीं होती। इसलिए अपनी पर्सनैलिटी को प्रभावशाली और आकर्षक बनाये रखने के लिए खुद को महत्वपूर्ण मानें, ओहदे को नहीं।

**व्यक्तित्व विकास में बेफिक्री भी सही नहीं**

यह भी ठीक नहीं कि हम अपनी पर्सनैलिटी को ग्रूम करने के बजाय खुद को लेकर बेफिक्र हो जाएं, खासकर महिलाओं के मामले में इस लापरवाही के गंभीर नुकसान होते हैं। दरअसल पर्सनैलिटी डेवलप करने के कई फायदे हैं और न डेवलप करने के बहुत सारे नुकसान हैं। इसलिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए या सेल्फ इंप्रूवमेंट को लेकर हर किसी को सजग रहना चाहिए। महिलाओं को तो खास तौरपर क्योंकि उन्हें कदम कदम पर अपनी पर्सनैलिटी की परीक्षाओं से गुजरना होता है।

**बातचीत का प्रभावशाली लहजा**

महिलाएं अगर सोशली एक्टिव होती हैं, स्मार्ट होती हैं, उनकी बातचीत में एक प्रभावशाली लहजा रहता है तो उन्हें हर जगह सम्मान मिलता है। अपनी जीवनशैली को लेकर लापरवाह हो जाने पर विशेषकर महिलाओं को घर के बाहर तो दूर, घर के भीतर भी वांछित सम्मान नहीं मिलता। लेकिन सेल्फ इम्प्रूवमेंट के लिए किसी दूसरे की नकल न करें। चाहे ऑफिस जाने की बात हो या पार्टी। हमेशा खुद को अपने मनमुताबिक ड्रेसअप करें। यह भी कि महंगे और ब्रांडेड कपड़े आपको कुछ और किए बिना ही प्रभावशाली व्यक्तित्व का स्वामी नहीं बना देंगे।

## स्पीड न्यूज

### लोकतंत्र की खूबसूरती : नंगे पांव नामांकन पत्र खरीदने पहुंचा उम्मीदवार



गुमला। लोकतंत्र में कई खूबसूरत माहौल और नजारा देखने व सुनने को मिलते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को गुमला में देखने को मिला। लोहरदगा संसदीय सीट से चुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में घाघरा प्रखंड के सरांगो गांव निवासी एतवा उरांव गुमला पहुंचे। वे अकेले ही नामांकन केंद्र की ओर पत्र खरीदने के लिए बढ़े। लेकिन नामांकन पत्र खरीदने के लिए उनके पास कुछ पैसे कम पड़ गए। इसपर मौके पर मौजूद एक पत्रकार ने कुछ रुपए देकर उनकी मदद की। जिसके बाद वे नामांकन पत्र खरीद सके। नामांकन पत्र लेने के बाद घर जाने के लिए और खाने के लिए पैसे नहीं थे। इसपर अन्य लोगों ने उसकी मदद की। एतवा उरांव कहते हैं चारों ओर लूट खसोट है। अगर जनता मुझे मौका देती है तो सबकी सेवा करूंगा। सारा लिखा-पढ़ी (नामांकन पत्र भरने) के बाद 24 या 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि पैसे नहीं है तो चुनाव कैसे लड़ेंगे। इस पर हंसते हुए एतवा कहते हैं ऊपर वाले पर विश्वास है, जनता ने मुझे भेजा है और जनता ही मेरा सहयोग करेगी।

### कांग्रेस के सिसई विधानसभा प्रभारी ने किया कामडारा प्रखंड का दौरा



गुमला। कांग्रेस के सिसई विधानसभा प्रभारी राजनील तिग्गा ने कमडारा प्रखंड का सोमवार को दौरा किया। दौरे के क्रम में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पंचायत अध्यक्षों से मुलाकात कर चुनाव प्रचार पर चर्चा की। इस दौरान तिग्गा ने पार्टी प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं से कमर कस लेने व गांव-गांव जाकर सुखदेव भगत के पक्ष में मतदान कराने की अपील की। मौके पर अजीत गुड़िया, प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, जय सिंह, प्रताप सोरेंग, यशोदा देवी, फ्लोरा केरकेट्टा, विष्णु चिक बडाईक, अखिलेश राम व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक चमरा लिंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 24 को करेंगे नामांकन दाखिल



गुमला। राजनीतिक उठा पटक के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने आखिरकार चुनावी मैदान में उतरने का बिगुल फूंक दिया है। कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस जेएमएम महागठबंधन को लेकर विधायक चमरा लिंडा चुनाव नहीं लड़ेंगे और महागठबंधन का धर्म निभाएंगे। लेकिन सारे दावों को खारिज करते हुए चमरा लिंडा ने अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। शुरूआती दौर से लोहरदगा सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा चमरा लिंडा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से जाहिर की थी। लेकिन कांग्रेस ने सुखदेव भगत को प्रत्याशी घोषित कर दिया। निश्चित रूप से चमरा लिंडा के चुनावी में मैदान में आने से मुकाबला काफी रोचक होगा। विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप ने कहा कि 2 साल पूर्व ही तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को हमने अपनी मंशा से अवगत करा दिया था कि इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं और विधायक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। वे 24 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे।

### पृथ्वी के संसाधनों को सुरक्षित रखकर भविष्य बेहतर बना सकते है : आस्था



गुमला। लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल विंग और प्राइमरी स्कूल विंग में सोमवार को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी को उसके प्राकृतिक रूप में संजो कर रखने एवम स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त बनाने पर चर्चा किया। बच्चों के द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर पूरे सप्ताह क्राफ्ट वर्क किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस सह स्लोगन प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिक्षिका आस्था सिंह के द्वारा बच्चों को बताया गया कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों, वनस्पतियों एवम जीव जंतुओं को सुरक्षित रख कर ही हम मानव अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। बच्चों को खुशी सिंह के द्वारा वृक्ष नहीं काटने पर एक कहानी सुनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका चंदा कुमारी, प्रिया सिंह, अंकिता केसरी, पल्लवी, सोनल रानी, अर्पिता मुखर्जी, मुस्कान खान, मोनालिसा, रूमी परवीन, पूनम साहू, सुनीता एक्का, श्रुति गुप्ता, सुचिता सिंह इत्यादि का सराहनीय योगदान दिया।

### चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा बीडीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक



घाघरा। घाघरा बीडीओ ने अपने कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कर्मियों के साथ सोमवार को बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों से मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा, बिजली, पेयजल, शौचालय की जानकारी ली। इसके साथ ही मतदान केंद्रो में मतदान करने आने वाले दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधा, बुजुर्गों को दी जाने वाली सुविधा संबंधित कई जानकारी ली। सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा पूरा हो गया है। तो आप एक प्रमाण पत्र भरकर दें। जिससे पता चले कि आपके अंडर में पड़े मतदान केंद्रो में सारी मूलभूत सुविधा पूरा हो चुकी है। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, शंकर खेरवार, सतीश बंसल, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, उपेंद्र उरांव, ज्योति लाल महतो सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# 24 को समीर उरांव करेंगे नामांकन दाखिल

**भाजपा की बैठक में नामांकन प्रक्रिया को सफल बनाने पर चर्चा, सभी बूथों से कार्यकर्ता जुलूस में होंगे शामिल**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव 24 अप्रैल को जिला निर्वाची पदाधिकारी गुमला के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। इसे सफल बनाने हेतु भाजपा की बैठक चुनावी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह व जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि नामांकन जुलूस में लोहरदगा लोकसभा के सभी बूथों से कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में शामिल होकर प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संगठन द्वारा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो, मांडर विधानसभा प्रभारी ओमप्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं झारखंड प्रदेश भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान टोली की बैठक चुनावी कार्यालय में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक श्याम सुंदर साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से अभियान प्रमुख राकेश भास्कर उपस्थित हुए। राकेश भास्कर ने कहा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जातीय समीकरण के हिसाब से विधानसभा स्तरीय सामाजिक अभियान टोली का निर्माण किया गया है। यह टोली सामाजिक-राजनैतिक, प्रबुद्धजनों से संपर्क करेंगे। लाभार्थियों से मिलकर मोदी जी की गारंटी पर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकसभा के पांचों विधानसभा में अभियान समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर भाजपा के लिए वोट मांगेंगे। धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा लोकसभा अभियान टोली के सह संयोजक सागर उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सह अभियान प्रमुख उमेश रंजन साहू, राधा मोहन साहू, अनुपचन्द्र अधिकारी, बिहारी प्रसाद, अजय पंकज, लालमोहन साहू, दिनेश्वर प्रसाद, निर्मल गोयल, विनोद राम, किशोर मिश्रा, विपिन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीसी ने की लोकसभा चुनाव के लिये गठित सभी कोषांगों की बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव हेतु गठित सभी कोषांगों की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों के आवंटित कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त द्वारा कार्मिक कोषांग, सामान्य निर्वाचन कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, वाहन कोषांग, मीडिया कोषांग समेत अन्य कोषांगों की समीक्षा की गई। बैठक में 18 अप्रैल तक जिला के सभी प्रखण्डों के भौतिक निरीक्षण संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई जो निरीक्षण वरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार व प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**24 को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर भाजपा ने की बैठक**

# हमारा मुख्य लक्ष्य बूथ पर सफलता पाना है : मनीर उरांव



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय बक्सीडिपा में लोकसभा चुनाव को लेकर संचालन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा जिला प्रभारी सुनीता सिंह, विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उरांव, सयोंजक राकेश प्रसाद, मदनमोहन पाठक, अजातशत्रु साथ ही सभी मंडल के संजोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि सभी कार्यक्रमों के साथ साथ हमारा मुख्य लक्ष्य बूथ पर सफलता होनी चाहिए। इसमें सभी स्तर के कार्यकर्ता को स्वयं से जिम्मेवारी के साथ अपना योगदान सुनिश्चित करना है। साथ ही 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में कार्यकर्ताओं की ज्यादा ज्यादा सहभागिता एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं जिला प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा कि हमें मोदीजी जी के कार्य एवं उपलब्धियों हर एक घर घर ले जाना है। कमलेश उरांव ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हैं। बैठक में चंद्रशेखर अग्रवाल, नीरज नलिन, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, तरूण देवघरिया, धीरज प्रसाद, मुरलीधर अग्रवाल, सामेला भगत, मीणा बख्ला, भारती सिन्हा, सरिता देवी, सजल कुमार, विजय, प्रकाश नायक, रितेश प्रसाद, सरोज प्रजापति, अनिल उरांव, सजल कुमार, अमर उरांव, बजरंग करुआ, धीरज पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

**लोहरदगा : महेंद्र उरांव, स्टीफन किंडो, मनी मुंडा व बिहारी भगत ने भरा पर्चा**

# चार उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा









>> महेंद्र उरांव व स्टीफन किंडो समर्थकों के साथ जुलूस लेकर पहुंचे थे

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से चार उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन पर्चा जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के समक्ष दाखिल किया। जिसमें भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी से महेंद्र उरांव ने सबसे पहले पर्चा दाखिल किया। उन्होंने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया और दूसरा सेट में भी नामांकन दाखिल करने की बात कही। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व महेंद्र उरांव पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस लेकर पहुंचे थे। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार भागीदारी पार्टी से मनी मुंडा ने अपना नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी स्टेफन किंडो भी एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व स्टेफन किंडो गाजे-बाजे के साथ भारी संख्या में समर्थकों को लेकर पहुंचे थे। वे झारखंड आंदोलनकारी है। वहीं चौथा पर्चा निर्दलीय प्रत्याशी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के बिहारी भगत ने दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सभी उम्मीदवारों ने शपथ पत्र पढ़ा।

**गरीब शोषितों की आवाज बनने चुनाव में उतरे हैं: महेंद्र**

भाकपा उम्मीदवार महेंद्र उरांव ने कहा कि वे चुनाव मैदान में गरीब शोषितों की आवाज बनने के लिए उतरे हैं। उन्होंने कहा कि गुमला में प्रचुर मात्रा में बाक्साईट है। जहां बाक्साईट है वहां के ग्रामीण बदतर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हें किसी तरह की सुविधा नहीं मिल रही है।

**झारखंड के विकास व कल्याण के लिये काम करेंगे : स्टीफन**

**निर्दलीय प्रत्याशी सह झारखंड आंदोलन कारी स्टेफन किंडो ने कहा कि वे अलग झारखंड राज्य की लड़ाई लडे हैं। ताकि झारखंड अलग राज्य के विकास व कल्याण की परिकल्पना को साकार कर सके। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, अलग पहचान, पेंशन दिलाना उनका लक्ष्य है।**

# एमबी डीएवी विद्यालय में अर्थ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा विश्व अर्थ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया की पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरीकी सीनेटर व पर्यावरणविद् गेलॉर्ड नेल्सन ने की थी। तब से लेकर आज तक इस दिन विश्व अर्थ दिवस मनाया जाता है। नन्हे बच्चों में अभी से ही पर्यावरण के प्रति मार्मिकता व जागरूकता लाने के उद्देश्य जूनियर डीएवी में विश्व अर्थ दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित ड्राइंग व तरह-तरह के मुकुट बनाएं। कार्यक्रम के आयोजन में अश्विन पात्रों, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद, श्वेता कुमारी, व देवकी कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चुनाव को ले बीडीओ ने की बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक किया गया। जिसमें एएमएफ की सुविधा सभी 37 बूथों में जल्द से जल्द करने सहित मतदान केंद्र व उसकी सुविधा को लेकर समीक्षा करते हुए कर्मियों को मतदान से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने मतदान और इससे जुड़े किसी भी मामले में गंभीरता पूर्वक काम करने और लोगों को अपने अपने स्तर पर जागरूक करने संबंधी निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सुमन तिग्गा, अनुराधा लकड़ा, पंचम एतवा पहान, परवेज आलम, अमन शिखर, अमित कुमार, किशोर उरांव, राजमणि उरांव सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता कों ले प्रभात फेरी का आयोजन



कैरो। स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की अगुवाई में जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। जो प्रखंड प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य चौक, आदिवासी टोली होते हुए विभिन्न चौक चौराहों में गुजरा। प्रभात फेरी में उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्ती लिए हुए पहले मतदान, फिर जलपान, स्वक्ष मतदान करना है, जैसे स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया गया। बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने बताया कि जागरूकता होने से मतदाताओं में एक तरह का उत्साह होगी और मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी। मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, बीपीओ रगुनाथ मुंडा, अमन शिखर, अमित, मंसूर अंसारी, पंचम एतवा पहान, जग्गू उरांव, आनंद सिंह सहित प्रखंडकर्मी, बीएलओ अन्य शामिल थे।

### ब्राह्मणडीहा में सरहुल पर निकला भव्य शोभायात्रा



भंडरा। प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर सोमवार को भंडरा के ब्राह्मणडीहा गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। इसमें आसपास के सभी आदिवासी समाज के महिला पुरुष पारंपरिक पहनावा और गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। मांदर, ढोल की थाप पर थिरकते हुए गांव भ्रमण कर सभी चट्टी गांव का भ्रमण किया। यहां से सभी अपने अपने गांव वापस लौटे। इससे पहले झखरा में पहान रनथू उरांव, प्रधान टूलू उरांव, पुजार चरवा उरांव और महतो मिलन उरांव नें पारंपरिक रूप से सरहुल पर्व की पूजा-अर्चना की। पहान ने मौके पर कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है। जब पेड़-पौधे नए पत्तों से सुसज्जित हो जाते हैं। तब यह त्योहार मनाया जाता है। इस दौरान विजय उरांव, प्रवीण उरांव, बिरसा उरांव, सुमन उरांव, पंकज उरांव, अर्जुन उरांव, विकास उरांव, सीताराम उरांव, महावीर उरांव, मांगे उरांव व सरना समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# प्रत्येक व्यक्ति पृथ्वी पर आश्रित रहता है : पीडीजे



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** वर्ल्ड अर्थ डे पर ऑब्जरवेशन होम गुमला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा गुमला, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दुर्गेश चंद्र अवस्थी, प्रणव कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गुमला, ऑब्जेरवेशन होम के अधीक्षक अविनाश गिरी, कार्यरत कर्मचारी एवं ऑब्जेरवेशन होम में रह रहे बच्चे उपस्थित थे। मौके पर पीडीजे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक पृथ्वी पर आश्रित रहता है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन आवास कपड़े एवं अन्य संसाधन पृथ्वी से ही प्राप्त होते हैं। इसलिए हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि कम से कम संसाधनों का प्रयोग करें एवं अन्यत्र कूड़ा कचरा को नहीं फेंके। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए जिससे पृथ्वी का वातावरण संतुलित रहे एवं स्वच्छ हवा की प्राप्ति होती रहे। कार्यक्रम में सचिव डालसा किसी भी काम को करने से पहले हमें उसके होने वाले परिणामों से भी अवगत होना चाहिए इसलिए हमें प्रकृति का दोहन कम से कम करना चाहिए ताकि आगामी पीढ़ी को प्रकृति से लाभ मिल सके।

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वर्ल्ड अर्थ डे सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण के साथ हुई। विद्यालय में कविता पाठ एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा षष्ठ से द्वादश के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि हर साल वर्ल्ड अर्थ-डे को एक थीम के साथ मनाया जाता है। साल 2024 में इसकी थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक है। इस थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर जोर देना है। उन्होंने बच्चों से पर्यावरण संरक्षण की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संजुक्ता खटुआ ने किया एवं निर्णायक की भूमिका लाल हरे मुरारी नाथ सहदेव, आरपी लाल, पार्थ प्रतिम मैती एवं अर्चना राय ने निभायी।

### सड़क दुर्घटना में कार चालक घायल, रिम्स रेफर



सेन्हा/लोहरदगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर धर्मराज पब्लिक स्कूल के समीप ट्रांसफार्मर के पास खड़ी बॉक्साइड खाली ट्रक में कार सवार अनियंत्रित होकर टकरा गया। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार सवार सेन्हा ग्राम निवासी स्व परमेश्वर साहू के 26 वर्षीय पुत्र आकाश साहू घायल हो गया। युवक को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की कार नंबर जे एच 01ई एल 5693 में सवार आकाश साहू लोहरदगा के तरफ से अपने घर सेन्हा जा रहा था। आस पास के लोग बताते है की एक स्कूटी सवार को बचाने में घटना घटी है। घायल आकाश साहू का स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है।

### महिंद्रा टिंबर में आगलगी से हुआ लाखो का नुकसान

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के न्यू रोड में स्थित महेंद्र टिंबर में रविवार की रात्रि अचानक आग लग गई। इस आगलगी से लाखो रुपए का नुकसान होने की बात बताई जा रही है। इस घटना में गाड़ी के स्क्रैप जल गए। हालांकि स्थानीय लोगों के प्रयास और अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे कि आसपास के दुकान जलने से बच गए। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# धनामुन्जी गांव में पेयजल का घोर संकट



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के आदिवासी बहुल गडरपो पंचायत के आम बागवानी के लिए प्रसिद्ध गांव धनामुन्जी में आज भी कई समस्याएं विराजमान हैं। सबसे बड़ी समस्या पेयजल ही है। पेयजल के साथ यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, सिचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। इससे लोग ग्रसित हैं। आदिवासी बहुल इस गांव के लोगों ने चट्टान पर ही अपना आशियाना बनाया है। गांव के ग्रामीण अशोक उरांव ,दानियाल उरांव,रामविलास उरांव आदि ने गांव की समस्या बताया हुए कहा कि यहां पेयजल का घोर अभाव है। ग्रामीण चट्टानों के बीच स्थित डोभा में जमा हुए गन्दा पानी से बर्तन धोने सहित कई काम करते है। पानी की समस्या को देखते हुए गांव में रिस्तेदार भी गांव में आने से कतराते है। गर्मियों में यहां के लोगों को एक किलोमीटर दूर खेतो में स्थित कुवा के अशुद्ध पानी का इस्तेमाल पेयजल के रूप में करना पड़ता है। पहाड़ी पर बसे होने से यहां के कुएं व चापानल के पानी का स्तर काफी नीचे चला जाता है। सालो भर यहां पेयजल की समस्या रहती है पर गर्मी में पेयजल का काफी घोर समस्या उत्पन हो जाती है। गांव में जल नल योजना अभी तक शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने गांव की स्वास्थ्य सुविधा पर चर्चा करते कहा कि यहां के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रखंड मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय ही एकमात्र सहारा है। गांव के किसानों ने बताया कि गांव में सिचाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। कृषि कार्य के लिए यहां के लोग प्रकृति पर ही आश्रित हैं। कुछ ग्रामीणों ने अपने खर्च पर बोरिंग कराया है जिससे खेती करते है। गांव में शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल ठीकठाक तो नही है। गांव में छोटे बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालय जाते है। तथा उच्च शिक्षा के लिए गांव से पांच किमी दूर प्रखंड के विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय संचालित है। इससे यहां की बच्चियां भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। गांव की आबादी करीब पांच सौ की आबादी है। अधिकांश ग्रामीणों आम की बागवानी सहित अन्य खेती बाड़ी में ही निर्भर है।

# रांची ने गुमला के विरुद्ध धमाकेदार जीत हासिल की

**जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## रांची के आर्यन कुमार प्लेयर ऑफ द मैच बने



प्लेयर ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते पूर्व जेएससीए अध्यक्ष।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -16 क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची ने गुमला के विरुद्ध धमाकेदार जीत के साथ लीग चरण में आपनी पांचवी जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर जगह बना लिया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट में रांची ने गुमला के खिलाफ टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरो में 8 विकेट के नुकसान पर 325 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आर्यन कुमार ने सर्वाधिक 85 रनों की पारी खेली। अनुराग ने 71, तौहिद 63 व आदित्य लाल ने 44 रनों का टीम में योगदान दिया। गुमला की ओर से मयंक राज ने चार व निखिल बाखला ने तीन विकेट हासिल किये। रोहिश को एक विकेट मिला। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला की टीम भर भरभरा गई और पूरी टीम महज 17.3 ओवरो में 65 रनो पर सिमट गई। जिसमें मयंक ने 17 रन का योगदान दिया। रांची के सौरभ कुमार ने 5 ओवर में 27 रन देकर पांच विकेट चटकाया। जबकि समीर व काजी मोहम्मद ने दो -दो विकेट हासिल किये। रांची के आर्यन प्लेयर ऑफ द मैच बने। जे एस सी ए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, टी आर डी ओ पप्पू सिंह में आर्यन को पांच हजार केश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल, हेमंत ठाकुर, स्कोरर जुलकर नैन, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सनी साहू, यमुना झा समेत अन्य उपस्थित थे।

# राजस्थान ने मुंबई को हराया




**एजेंसी**

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया। मैच में मुंबई की टीम ने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 179 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने यशस्वी जायसवाल की दमदार 104 रनों की पारी से 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य को हासिल कर किया। राजस्थान की यह 8 मैचों में से 7वीं जीत है। इस जीत के साथ उसके अब 14 अंक हो गए हैं और वह लगभग अब प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करते हुए दिख रही है। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए इस सीजन का अपना पहला शतक जड़ा। यशस्वी का आईपीएल में यह दूसरा शतक है। राजस्थान के लिए यशस्वी 104 रन बनाकर नाबाद रहे। यशस्वी ने सिर्फ 59 गेंद में अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी में उन्होंने 7 छक्के और 9 चौके भी लगाए। इसके साथ यशस्वी 23 साल से कम की उम्र में तीन टी20 शतक जड़ने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### बारिश ने डाली थी मैच में खलल

मुंबई और राजस्थान के बीच यह मुकाबला बारिश प्रभावित रहा था। राजस्थान की पारी में जैसे ही पावर प्ले का खेल समाप्त हुआ तेज बारिश होने लगी। उस समय तक टीम ने बिना किसी नुकसान के 6 ओवर में 61 रन बना लिए थे। बारिश के बाद जब खेल शुरू हुआ तो पीयूष चावला ने जोस बटलर का विकेट लेकर मुंबई को पहली सफलता दिलाई, लेकिन इसके बाद यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ने मिलकर मोर्चा संभाल लिया और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यशस्वी के शतक के साथ संजू 28 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हार्दिक ने टॉस जीतकर चुनी थी पहले बैटिंग

राजस्थान के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। बल्लेबाजी में मुंबई इंडियंस की शुरूआत कुछ खास नहीं रही थी। ईशान किशन और रोहित शर्मा समेत सूर्यकुमार यादव सस्ते में पवेलियन वापस लौट गए थे। हालांकि तिलक वर्मा (65) और निहाल बढ़ेरा (49) की दमदार बैटिंग से मुंबई ने किसी तरह 179 रन बनाने में सफल रही थी। हालांकि, मुंबई के गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर सके।

### राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने खोला था पंजा

मुंबई के खिलाफ के इस मुकाबले में संदीप शर्मा ने राजस्थान के लिए बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। संदीप ने मैच में चार में सिर्फ 18 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। संदीप के अलावा ट्रेंट बोल्ट ने भी दो विकेट लिए जबकि युजवेंद्र चहल और आवेश खान के खाते में भी एक-एक विकेट आया।





**मुंबई 179/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित कै. सैमसन बो. बोल्ट | 06 | 05 | 01 | 00 |
| किशन कै. सैमसन बो. संदीप | 00 | 03 | 00 | 00 |
| सूर्यकुमार कै. पॉवेल बो. संदीप | 10 | 08 | 02 | 00 |
| तिलक वर्मा कै. पॉवेल बो. संदीप | 65 | 45 | 05 | 03 |
| नबी कॉट एंड बोल्ड चहल | 23 | 17 | 02 | 01 |
| वधेरा कै. संदीप बो. बोल्ट | 49 | 24 | 03 | 04 |
| हार्दिक एलबी ब्ल्यू आवेश | 10 | 10 | 01 | 00 |
| डेविड कै. पराग बो. संदीप | 03 | 05 | 00 | 00 |
| कोएटजी कै. हेटमायर बो. संदीप | 00 | 01 | 00 | 00 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :10

**विकेट पतन** : 6-1, 6-2, 20-3, 52-4, 151-5, 170-6, 176-7, 176-8, 177-9.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-32-2, संदीप शर्मा : 4 0-18-5, आवेश खान : 4-0-49-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल : 4-0-48-1.

**राजस्थान 183/1 (18.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल नाबाद | 104 | 60 | 09 | 07 |
| बटलर बोल्ड पीयूष चावला | 35 | 25 | 06 | 00 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 | 28 | 02 | 02 |

**अतिरिक्त** :06

**विकेट पतन** : 74-1.

**विकेट पतन** : हार्दिक पंड्या : 2-0-21-0, जसप्रीत बुमराह : 4-0-37-0, नुवान तुषारा : 3-0-28-0, गेराल्ड कोएटजी : 2-0-25-0, मोहम्मद नबी : 3-0-30-0, पीयूष चावला : 4-0-33-1, तिलक वर्मा : 0.4-0-8-0.

## आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 08 | 07 | 01 | 00 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +0.914 |
| चेन्नई | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.529 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.123 |
| गुजरात | 08 | 04 | 04 | 00 | 08 | -1.055 |
| मुंबई | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | -0.287 |
| दिल्ली | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | -0.477 |
| पंजाब | 08 | 02 | 06 | 00 | 04 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 08 | 01 | 07 | 00 | 02 | -1.046 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 379 |
| हेड | हैदराबाद | 324 |
| रियान | राजस्थान | 318 |
| सैमसन | राजस्थान | 314 |
| रोहित | मुंबई | 303 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 13 |
| चहल | राजस्थान | 13 |
| हर्षल | पंजाब | 13 |
| कोएट्जे | मुंबई | 12 |
| करन | पंजाब | 11 |

### कोहली ने किया आइपीएल आचार संहिता का उल्लंघन, लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना

**नयी दिल्ली।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। आइपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली पर ईडन गार्डन्स, कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के 36वें मैच के दौरान आइपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। बयान में आगे कहा गया, कोहली ने आइपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

**'फर्स्ट ओवर किंग' बने ट्रेंट बोल्ट, रोहित की विकेट चटका बनाया रिकॉर्डः** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बोल्ट के नाम अब आईपीएल में पहली ही ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बोल्ट ने अपने पहले ही ओवर में रोहित का विकेट लेकर यह कारनामा अपने नाम कर लिया।

## संदीप शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स खिलाफ रचा इतिहास

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले के दौरान चोट से वापसी कर रहे संदीप शर्मा ने इतिहास रच दिया। संदीप ने लखनऊ और दिल्ली के खिलाफ भी राजस्थान को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फिर चोट के कारण वह पांच मैच नहीं खेल पाए। अब वापसी पर उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट हासिल किए हैं। यह उनके करियर का सबसे बैस्ट प्रदर्शन है। वह जयपुर के मैदान पर 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बन गए हैं। इस रिकॉर्ड में पाक गेंदबाज सोहेल तनवीर पहले नंबर पर हैं। वह सिर्फ आइपीएल का पहला सीजन ही खेल पाए थे। इसके बाद फॉकनर ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने एक ही सीजन में दो बार एक ही फ्रेंचाइजी के खिलाफ फिफर हासिल किए।संदीप शर्मा की बात करें तो वह आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाजों की सूची में भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह के बाद तीसरे स्थान पर हैं। हैदराबाद और पंजाब के लिए खेल चुके संदीप अब राजस्थान में हैं। वह आइपीएल में 119 मैच खेलकर 130 विकेट ले चुके हैं।

### चहल आइपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। चहल आइपीएल के ऐसे पहले गेंदबाज बन गए हैं जिन्होंने 200 विकेट लेने का आंकड़ा छू लिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चहल ने मोहम्मद नबी का विकेट लेने के साथ ही चहल ने यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उनका यह 153वां मुकाबला है। वह 200 विकेट के अन्य दावेदारों से काफी आगे चल रहे हैं।

## चेपॉक में हार का बदला लेगा येल्लो आर्मी

**एजेंसी**

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति को बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैंचेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेऑफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं । लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें।




## मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने हाल ही में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के कोर ग्रुप में जगह बनाई है, जो वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) में प्रशिक्षण ले रही है। हॉकी मिजोरम की 22 वर्षीय मिडफील्डर मरीना ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए और इस तरह मैदान पर अपनी चपलता और रणनीतिक खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। मरीना ने एफआइएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 और 2019 में ऑस्ट्रेलिया में अंडर-21 तीन राष्ट्रों के आमंत्रण टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व किया। अपने चयन पर मरीना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा,




जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था, और मेरी आँखों में खुशी के आँसू भर आए। मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की। आगामी टूनार्मेंटों पर नजर रखते हुए, मरीना आगे की चुनौतियों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआइएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में, मेरा ध्यान भारतीय टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिजोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया। वह अपनी प्रेरणा का श्रेय लालरेम्सियामी को देती हैं और भारतीय टीम की मिडफील्डर सुशीला चानू को अपना आदर्श मानती हैं। मरीना ने कहा, लालरेम्सियामी, जिनकी मिजोरम की यात्रा मेरे साथ गहराई से मेल खाती है, ने मुझे हॉकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया, उनके अथक समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों ने एक मार्गदर्शक के रूप में काम किया, जिससे मुझमें विश्वास पैदा हुआ।

### हर मैदान बाउंड्री का आकार बढ़ाये : गावस्कर

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां संस्करण बल्लेबाजों के लिए काफी रोमांचक रहा है जिसमें एक विशेष मैच में दोनों टीमों ने 250 रन के आंकड़े को पांच बार पार किया है। टूनार्मेंट अपने आधे चरण तक भी नहीं पहुंच पाया है और 35 मैचों में 15 बार ऐसे मौके आए हैं जब टीमें 200 रन के पार पहुंचीं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर बल्लेबाजों के बीच असंतुलित संतुलन पर टिप्पणी करते हुए उत्साहित थे। आइसीसी द्वारा निर्धारित नियमों और दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही क्रिकेट के बल्लों की मोटाई या आकार में बदलाव की वकालत नहीं करते हुए गावस्कर इस बात पर अड़े थे कि हर स्थान पर सीमा का आकार बढ़ाया जाना चाहिए। अरुण जेटली स्टेडियम पर टिप्पणी करते हुए गावस्कर ने कहा, 'मैं क्रिकेट के बल्ले में कोई बदलाव का सुझाव नहीं दूंगा क्योंकि ये सभी नियमों के तहत हैं।

### भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज नायर ने इंग्लैंड में जड़ा दोहरा शतक, बनाये नाबाद 202 रन

**एजेंसी**

**नॉर्थेप्टनशायर।** विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग्लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण नायर ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकाडर वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मेहमान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए है और ग्लमॉर्गन अभी भी 230 रन पीछे हैं। अगर आज बारिश होती है तो ग्लमॉर्गन के पास हार टालने का एक अवसर होगा। एक समय मेजबान टीम 82 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी ऐसे समय में नायर ने 55 रनों के साथ तीसरे दिन की शुरूआत की और जैब ने उनका अच्छा साथ दिया। नायर लगातार ग्लमॉर्गन के गेंदबाजों के प्रति आक्रामक रहे और अपने करियर में तीसरी बार दोहरा शतक लगाया। इसके बाद मेजबान टीम ने तुरंत पारी घोषित कर दी।




### युकी भांबरी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस में जीता युगल खिताब



**म्यूनिख।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूनार्मेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में रविवार को गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरूआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था। ऐसा माना जा रहा है कि इस जीत से 31 वर्षीय भांबरी पुरुष युगल टेनिस रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। इस जीत के साथ ही युकी भांबरी को बवेरियन इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी बन गये है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी का एटीपी टूर पर दूसरा खिताब है।

## भारत के गुकेश बने फीडे कैंडीडेट्स शतरंज विजेता, बनाया विश्व रिकॉर्ड

**एजेसी**

**टोरंटो (कनाडा)।** भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में चल रहे कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट जीतकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए। गुकेश कैंडिडेट्स चेस टूनार्मेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। वह विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय भी हैं। गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूनार्मेंट को 14 में से नौ अंकों के साथ समाप्त किया। कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट विश्व चैंपियन के लिए चुनौती तय करने के लिए आयोजित किया जाता है।

### साल के आखिर में विश्व चैंपियन को चुनौती देंगे गुकेश



इस जीत के साथ ही गुकेश मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को इस साल के आखिर में होने वाले मुकाबले में चुनौती दे सकेंगे। चेन्नई के इस युवा चेस खिलाड़ी ने कास्पारोव के रिकॉर्ड को कॉफी हद तक बेहतर कर दिया। रूस के पूर्व महान कास्पारोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1984 में हमवतन अनातोली कारपोव के साथ भिड़ने के लिए क्वालिफाई किया था। गुकेश ने जीत के बाद कहा, 'बहुत राहत मिली और बहुत खुशी हुई। मैं फैबियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के खेल को भी फॉलो कर रहा था (ये दोनों भी दावेदार थे और एक अलग मैच में एक दूसरे से भिड़ रहे थे)। इसके बाद मैंने एक और खिलाड़ी ग्रेगोरज गाजेव्स्की से बातचीत की, मुझे लगता है कि इससे मदद मिली।

### गुकेश को मिला लाखो का इनाम

गुकेश ने टूनार्मेंट जीतने के साथ 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार भी जीता। उम्मीदवारों की कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। गुकेश महान विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद की जीत 2014 में हुई थी।

### आनंद ने दी बधाई

आनंद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर वाका चेस परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला, उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। इस पल का आनंद लें।' विश्वनाथन आनंभ भी चेन्नई से हैं।

### भारत के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

विदित गुजराती ने अंतिम राउंड में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ त्वरित ड्रॉ खेला और कुल छह अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। अलीरेजा पांच अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे, जबकि अबासोव कुल 3.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रहे। 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाले शतरंज इतिहास में तीसरे सबसे युवा बनने के बाद गुकेश पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले साल, उन्होंने हांगझोऊ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। विश्व चैंपियनशिप की तारीखें और स्थान अभी तय नहीं हुए हैं।

### पीएम मोदी ने ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि से लाखों के लिए प्रेरणा होगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूनार्मेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।

### झारखंड की पूर्णिमा और चामी मुर्मू पद्मश्री से सम्मानित



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया है। पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। उस समय उनके पास घर में बना तीर-धनुष था। उन्हें परिवार का पूरा सहयोग मिला।

# पुलिस ने करीब 44 लीटर शराब किया बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** जिले में सोनामनी गोदाम ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की देर रात सोनामनी गोदाम काली मंदिर के निकट 44.4 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने सोमवार को बताया कि सूचना मिली थी कि नेपाल तरफ से कुछ कारोबारी भारी मात्रा में शराब लेकर भारतीय क्षेत्र में आ रहा है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ उक्त स्थल पर पहुंचा तो देखा कि नेपाल तरफ से कुछ लोग सिर पर बोरा लेकर आता दिखा। लेकिन पुलिस वाहन को देखते ही बोरा फेंककर अंधेरा का लाभ उठाते हुए नेपाल तरफ भागने में सफल रहा। हालांकि एक तस्कर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की। बरामद शराब को लेकर स्वलिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# तबरेज हत्याकांड का आरोपित लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पंचायत के झड़वा कब्रिस्तान के समीप हुई तबरेज आलम की हत्या मामले में पुलिस ने रविवार की रात सेवरहा बाजार के समीप छापेमारी करते हुए एक नामजद अभियुक्त को लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि एक अपराधी स्कार्पियो के साथ भागने में सफल रहा। पकड़ा गया अपराधी हसुआंहा लालगंज के मोतीलाल साह का पुत्र अभिनंदन कुमार है। पकड़े गए आरोपित को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान अभिनंदन ने पुलिस को बताया है कि उसके पास से बरामद देशी पिस्टल व कारतूस उसने बहरामपुर के सुरेश शर्मा के पुत्र मुना कुमार से लिया था। पुलिस का कहना है कि अभिनंदन अपने साथियों के साथ मिलकर कोई आपराधिक घटना का अंजाम देने वाला था। उसके पहले पकड़ा गया। छापेमारी में अरेराज डीएसपी के अलावे थानाध्यक्ष नवीन कुमार,एसआई रविरंजन कुमार शामिल थे। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि 29 मार्च को झाडवा में तबरेज आलम को गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। मामले में अभिनंदन आरोपी है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिला के 12 सदस्यीय टीम ने जीते 16 मेडल

## 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 5 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला का बढ़ाया मान, दी गई बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रशिक्षकों के साथ मेडल जीतने वाले सफल कराटेकार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ जिला के 12 सदस्यों की कराटे टीम ने रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश राय टानाभगत इंडोर स्टेडियम में 20-21 अप्रैल को आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर 16 मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में शामिल टीम 6 गोल्ड, 5 सिल्वर एवं 5 ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया है। गोल्ड मेडल जीतने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, आर्या अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, रवि सोरेन, ऋषि राज एवं संजय कुमार शामिल हैं। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, अनुष्का, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार एवं रवि सोरेन और ब्रोंज मेडल पाने वालो में विधि कुमारी, प्रणय कुमार, ऋषि राज, अनुष्का कुमारी एवं प्रियंका कुमारी शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता कैडेट, जूनियर, अंडर 21 एवं सीनियर ग्रुप के कता एवं कुमिते फॉर्मेट में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के नेशनल जज विनय रंजन, मार्शल टुडू एवं नंदू साव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट आगामी 8 से 12 मई को देहरादून स्टेडियम में होने वाले (केआईओ) नेशनल कराटे प्रतियोगिता के में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव शशि पांडे, संजय सोनकर, सुमित कुमार, प्रदीप हांसदा, योगेंद्र गंझू, राशि सिन्हा, कमल नायक एवं बबलू करमाली ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# उड़ान की महिलाओं ने रामनवमी जुलूस में किया सेवा कार्य

**नवादा।** जिले की सांस्कृतिक संस्था उड़ान की महिलाओं ने सोमवार को नवादा के प्रसिद्ध चौराहे पर सेवा शिविर का आयोजन कर रामनवमी जुलूस में निकले हजारों श्रद्धालुओं को शरबत पानी पिलाकर सेवा अर्पित की। उड़ान की सचिव प्रगति श्रीवास्तव, नूतन बिहारी ,तरुना कुमारी ने बताया कि धार्मिक तथा सामाजिक भावनाओं की प्रेरणा के उद्देश्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया है । प्रतिवर्ष रामनवमी जुलूस में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को ठंडा जल तथा शरबत पिलाने के उद्देश्य महिलाएं द्वारा सेवा शिविर का आयोजन की जाती है। ताकि हम सबों का योगदान भारत की संस्कृति के निर्माण में संभव हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज सेवा में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से उड़ान संस्था सदैव प्रथम शील है। इसी भावनाओं के तहत सेवा शिविर का आयोजन किया गया। रतन सिंह ने बताया कि बेहतर सेवा करने वाली महिला प्रतिनिधियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# पृथ्वी हमारी मां है जिसकी ममता के आंचल में नर-नारी के जीवन की रचना होती है : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते निदेशक मदन प्रसाद केशरी

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन (10+2) कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेषक मदन प्रसाद केषरी ने दीप जलाकर किया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोाित करते हुए निदेशक श्री केषरी ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जिसे प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिक सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से 1992 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 22 अप्रैल को आिकारिक तौर पर विश्व पृथ्वी दिवस घोषित किया। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा दिवस है जिस दिन दुनिया भर में पृथ्वी और उसके पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया जाता है।

पृथ्वी हमारी मां है, जिसकी ममता के आंचल में हर नर-नारी के जीवन की रचना होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की समान रूप से जिम्मेदारी है। पृथ्वी जितनी ही समृद्ध रहेगी प्रति उतना ही प्रसन्न रहेगा। मानवीय क्रियाकलापों के कारण ारती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी समय है चेतने और सुारने का, नहीं तो संकट इतना गंभीर हो जाएघ्गा कि उससे निबटना मुश्किल हो जाएगा। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, खुशीद आलम, मुकेश भारती, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक पाण्डेय, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहीन, संजीव कुमार, सरिता दुबे सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व भवनाथपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी आलोक साव पिता स्व. बैजनाथ साव है। इसकी जानकारी श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने सोमवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि आसन लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में कराने को लेकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना पर रविवार की रात सिंदुरिया निवासी अलोक साव 30 वर्ष को दो देशी लोडेड कट्टा व कुल पांच राउंड जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि उक्त अपराधी के विरुद्ध थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को गढ़वा जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि परवेज आलम, पुटुल कुमार, विश्वजीत कुमार सिंह, चंद्रमणी राम, इंद्रकुमार मंडल शामिल थे। मौके पर पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार वीर, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौजूद थे।

# घर में गैस सिलेंडर से लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देती पीड़िता

**भवनाथपुर।** कर्पूरी चौक स्थित तालाब के समीप सोमवार की सुबह एक घर में गैस सिलेंडर से आग लग गई। इस अगलगी की घटना में घर में रखा हुआ फर्नीचर, नगदी एवं किराना का सामान सहित करीब एक लाख रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में पीड़िता रेणु कुंअर पति स्व. अनिल साह ने बताया कि मेरा छोटा पुत्र सुबह गैस चूल्हा पर अंडा उबाल रहा था, उसी दौरान गैस सिलेंडर के पास बिक्री के लिए जरकिन में रखे पेट्रोल में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गयी। आग से घर के अंदर रखा हुआ किराना का सामान, दो पलंग, कूलर, मोटर पंप, कुर्सी, 10 हजार रूपये नगद सहित करीब एक लाख रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

अगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पंसस चंदन ठाकुर पीड़िता के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा सीओ से मिलकर अगलगी की घटना की जांचोपरांत मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

# राजग गठबंधन की बैठक में बीडी राम को भारी बहुमत से जीताने का निर्णय



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को राजग गठबंधन (एनडीए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा दिल्ली संसद में भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राजग गठबंधन पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। राजग के कार्यकर्ता में भारी उत्साह है। अबकी बार 400 पार के नारा को साकार करने में गठबंधन मजबूती के साथ लगा हुआ है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा में राजग गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में मिलजुल कर कार्य करेंगे। आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि गठबंधन में आजसू पूरे तन, मन से राजग के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीताने का निर्णय लिया है।

# खगड़िया संसदीय क्षेत्र से संबंधित व्यय प्रेक्षक ने कोषांग का निरीक्षण

**सहरसा।** लोक सभा आम निर्वाचन-2024 निमित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त 25-खगड़िया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित व्यय प्रेक्षक सुनील कुमार नायर द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्यशील मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण क्रम में व्यय प्रेक्षक महोदय ने मीडिया, एमसीएमसी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रतिनियुक्त कर्मियों से पूछताछ की। निरीक्षण के क्रम में नोडल पदाधिकारी मीडिया एमसीएमसी कोषांग द्वारा व्यय प्रेक्षक महोदय को जानकारी दी गई की प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया का कोषांग में प्रति नियुक्त कर्मियों द्वारा निरंतर अवलोकन किया जा रहा है। एवं उक्त से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं का पंजी में समुचित संधारण भी किया जा रहा है।

# शस्त्र जमा नहीं करने वाले 35 लोगों का डीसी ने किया लाइसेंस रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर के आदेश का उल्लंघन करने वाले 35 अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय के अनुशंसा पर डीसी ने यह कार्रवाई करते हुए 35 लोगों का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

जानकारी देते हुए डीसी शेखर जमुआर ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गढ़वा जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत गढ़वा जिले में स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न करने के लिए निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के सभी निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना अथवा गन हाउस में जमा करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के बावजूद कुछ अनुज्ञप्ति धारी द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया। तत्पश्चात आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के मामले में एसपी ने ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा के आलोक में आर्म्स एक्ट की धारा 17 3(बी) के तहत ऐसे कुल 35 अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनमें मुख्य रूप से सुनील कुमार उपाध्याय, विनय पांडेय, गोपाल कृष्ण चौबे, प्रदीप कुमार महतो, मो. रशिद खान, नागेंद्र प्रसाद केशरी, संजय कुमार उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, केश्वर तिवारी, नागेन्द्र नाथ धर दुबे, जय किशोर शुक्ला, राजेश्वर तिवारी, द्वारिका प्रसाद केशरी, प्रभाकर चौबे, अनीता देवी, डॉ. जितेंद्र सिन्हा, मो. शरीफ, रंगनाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, सुनील पांडेय, बलेंद्र कुमार सिंह, जयराम महतो, राम विनय सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, नीलम प्रताप देव, राजमणि प्रताप देव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सूरजमणी सिंह, कंचन मणी सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अजय कुमार चंद्रवंशी, बाबूराम शुभग सिंह, गिरिवर पांडे, मो. असलम अंसारी का नाम शामिल है।

## खबर एक नजर में

### महायज्ञ में हो रहे मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र है गुंजायमान

**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ, बड़की डूंडी में श्री श्री 1008 हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ में वैदिक विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि- विधान से पूजा पाठ कराए जा रहे हैं। जिसमें श्रद्धालु अपनी सहभागिता लेकर अपने जीवन को आत्मसात करने में लगे हैं। इधर बोंगाबार के आयोजित यज्ञ के चौथे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया। साथ ही फूल - मालाओं से सजी वाहन पर भगवान श्री राम के सेवक हनुमान जी की प्रतिमा को सवार कर गाजे - बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला - पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर जय श्री राम का जयघोष करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया।

### पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षा रोपण का आयोजन

**कोडरमा।** आरपी.मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल लाराबाद के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षा रोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से दशवीं तक के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में बच्चों ने चित्र एवं हस्त कला आदि प्रदर्शनों के द्वारा पृथ्वी दिवस की महत्ता को प्रदर्शित किया तथा इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीमः एक पेड़ लगाओ, एक भविष्य बनाओ रखा गया। इस थीम के आाार पर प्राचार्य विक्रम कुमार सिन्हा द्वारा बच्चों को पेड़-पौी तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और प्रकृति पर पड़ने वाले मनुष्यों द्वारा नकारात्मक प्रभाव से बच्चों को अवगत कराया। वहीं निदेशक रामदेव मोदी तथा स्कूल के सभी शिक्षक एंव शिक्षकेतर कर्मियों ने विद्यालय स्थित मैदान में एक-एक फलदार पेड़-पौी लगाये। मौके पर अलोक कुमार, सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

### मतदान कर्मियों को 24 अप्रैल से दिया जायेगा प्रशिक्षण : उपायुक्त

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाािकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का बेहतर प्रशिक्षण होना अति आवश्यक है। जितनी अच्छी प्रशिक्षण मतदान कर्मियों को दी जायेगी, त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया की संभावना उतनी ही आिक होगी। इस संदर्भ में पोलिंग पार्टी (मतदान पदाािकारी 01, मतदान पदाािकारी 02, मतदान पदाािकारी 03, पीठासीन पदाािकारी व सभी महिला मतदान पदाािकारी) का प्रशिक्षण की समय-सारणी निाारित की गई है ताकि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित की जा सके।

### ग्रिजली कालेज में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षुओं के द्वारा अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर पोस्टर बनाए गए। वहीं निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने कहा कि आज हमारी पृथ्वी के वातावरण में बहुत आिक परिवर्तन आ गया है, जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। अतः हम सभी को अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। वहीं प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम शुद्ध वातावरण में रह सके। मौके पर सौरभ शर्मा, मनीषा, विनीता, पूनम, शिफा नूरी, समीउल्लाह, रिंकी कुमारी समेत सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### जीता तो जनसेवा...

प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान और अन्य घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे। उल लेखनीय है कि एक दिन ही कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था, अब यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे।

### आज अर्जुन मुंडा...

उनके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत एनडीए के कई नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद राजनाथ समेत भाजपा नेता सभा को भी संबोधित करेंगे। पहले फेज में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं। इसमें पलामू सीट एससी के लिये जबकि बाकी तीन सीट एसटी के लिए आरक्षित है। दूसरे फेज में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोटिंग होगी। तीसरे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। चौथे फेज में राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए 1 जून को मतदान होगा।

### दो साल में नक्सलवाद ...

लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, उन्हें पता नहीं है कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है।

**आज बंगाल में शाह की जनसभा :** नयी दिल ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वह मंगलवार को उत्तर बंगाल में दो सभाएं कर सकते हैं। पहले उन्हें रविवार को आना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर उतर नहीं सका। श्री शाह का रायगंज और मालदह दक्षिण में सभा करने के साथ नेताओं के साथ बैठक करने का कार्यक्रम भी है। रायगंज लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान है।

### सरयू राय की...

दो मुकदमो में सजा हुई है। जो पार्टी अपने प्रत्याशी के खिलाफ खुद ऐसा कह रही है ऐसे में उनके देव तुल्य कार्यकर्ताओं को अपनी अंतरआत्मा की बात सुनने की जरूरत है।

**बाघमारा विधायक को तो छोड़ेंगे नहीं :** श्री राय ने कहा, 2022 में धनबाद से सीनियर एसपी ने बाघमारा विधायक के खिलाफ हाइकोर्ट में जो रिपोर्ट सौंपी थी उसके अनुसार विधायक को 4 मामलो में सजा होनी है। अब यह भाजपा को तय करना है कि 400 पार के नारे में धनबाद है या नहीं। यदि है तो क्या पार्टी धनबाद में मध्यावधि चुनाव कराना चाहती है। हमलोग तो छोड़ेंगे नहीं। हाईकोर्ट से स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द सजा की मांग करेंगे। यह वहीं भाजपा है जिसने वर्ष 2014 में कहा था कि बाघमारा को विधायक के आतंक से मुक्त कराना है और आज उसी को टिकट देकर प्रत्याशी बना दिया।
वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है।

